राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 48 अंक 227
जौनपुर, बुधवार
03 जून 2026

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
39°C | 30°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8

जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in



सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया
M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट)
नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया
B.H.M.S., C.G.O.
नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

पूर्वांचल का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान
गहना कोठी
भगेलू राम रामजी सेठ
Since 1946
शुद्धता ही हमारी परम्परा है
1st Prize मारुति सुजुकी डिज़ायर
2nd Prize मारुति बलेनो
3rd Prize मारुति वैगन आर
प्रत्येक 10000/- तक की खरीद पर पाएं लकी ड्रा कूपन और ढेरों ईनाम जीतने का मौका
कचहरी रोड, कलेक्ट्री तिराहा के पास, आधुनिक मिष्ठान के सामने जौनपुर, यूपी 9838545608, 7355037762, 8317077790
सद्भावना पुल रोड, नखास, ओलन्दगंज, जौनपुर 9838545608, 7355037762, 8317077790
हनुमान मंदिर के सामने कोतवाली चौराहा, जौनपुर 9984991000, 9792991000, 9984361313

Redefining Education
Umanath Singh Hr. Sec. School
www.unsschool.in
REGISTRATION FOR ADMISSION (2026-27) OPEN Play Group to Class IX & XI
Peaceful & Good Environment
Loving & Caring Teachers
Activity Oriented Curriculum
Creative Education Plan
A Senior Sec. School Affiliated to CBSE New Delhi
The Choice of Winner
Special Orientation for NTSE Olympiad, KVPY, NEET & JEE
Transport Facility Available
Shankarganj, Maharupur, Jaunpur - 222180
9415234208, 9648531617, 9839155647, 8808794452
Principal-Dr. Bruno D.Nazareth


# गाजियाबाद में तीन मदरसे सील, बिजली कनेक्शन भी काटा

## खोड़ा में सूर्या हत्याकांड के बाद पुलिस-प्रशासन सक्रिय



**गाजियाबाद, 02 जून।** खोड़ा में बकरीद पर हुए सूर्या हत्याकांड के बाद पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई जारी है। ताजा मामले में मंगलवार को इलाके में अवैध रूप से संचालित तीन मदरसों को सील किया गया है। साथ ही कई मदरसों पर नोटिस चस्पा किए गए हैं और कई की बिजली काटी गई है।

मालूम हो कि सूर्या की हत्या के बाद कमिश्नरेट पुलिस हरकत में आई और जिले भर में अपराधियों का सत्यापन अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम 1600 से ज्यादा लोगों का सत्यापन कर चुकी है। जिले भर में अपराधियों की थानों पर हाजिरी लगवाई जा रही है।

साहिबाबाद थाने में करीब 120 अपराधियों को पुलिस ने बुलाया और भविष्य में अपराध न करने की शपथ दिलाई। वहीं मंगलवार को भी खोड़ा में भारी पुलिसबल तैनात रहा। पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी समेत अन्य आलाधिकारी मौके पर मौजूद हैं। अधिकारी लगातार खोड़ा की गतिविधियों पर निगाह बनाए हुए हैं।

खोड़ा में सूर्या की हत्या के आरोपित असद के घर प्रशासन बुलडोजर चलाएगा। असद पुलिस एनकाउंटर में मारा जा चुका है। इसके बाद प्रशासन ने असद जिस घर में रहता था, वहां नोटिस चस्पा किया है। उसके पिता नवाब के घर के बाहर मुनादी भी कराई गई। उपजिलाधिकारी की ओर से चस्पा किए नोटिस में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने की बात लिखी गई है और 15 दिन में इसे खाली करने को कहा गया है।

# अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह पर ईडी की छापेमारी

## फेमा उल्लंघन मामले में तलाशी अभियान जारी



**नई दिल्ली, 02 जून।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को वेदांता समूह के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान ईडी ने कई जगहों पर छापेमारी की। कारोबारी अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह पर ईडी ने फेमा उल्लंघन मामले में यह कार्रवाई की है। अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि ये तलाशी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन की जांच का हिस्सा हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ईडी की टीमें मंगलवार सुबह ही वेदांता समूह से जुड़े परिसर पर पहुंच गईं। अधिकारियों के अनुसार ये तलाशी अभियान फेमा के नियमों के उल्लंघन के आरोपों के तहत चलाया जा रहा है। फिलहाल, ईडी के अधिकारी दस्तावेजों और डिजिटल सबूतों को खंगाल रहे हैं और कार्रवाई अभी भी जारी है।

**हम पूरा सहयोग करेंगे:** इस पूरे मामले पर वेदांता के प्रवक्ता ने ईडी की कार्रवाई के बारे में बताते हुए कहा कि, कंपनी जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रही है और उनसे मांगी गई सभी जानकारी दे रही है। उन्होंने ये भी साफ किया कि कंपनी सभी लागू कानूनों और नियमों का पालन करेगी। साथ ही, प्रवक्ता ने कहा मामला फिलहाल अभी प्रोसेस में है, इसलिए इस समय वो इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकते।

इस खबर के बाहर आते ही शेयर बाजार में भी हलचल तेज हो गई है और निवेशकों की नजरें कंपनी के अगले कदम पर टिकी हैं। कंपनी के शेयर की बात करें तो 0.64% की तेजी के साथ 339.30 पर ट्रेड कर रहा है।

**क्या है फेमा ?:** फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के जरिए भारत में विदेशी मुद्रा से जुड़े लेनदेन, विदेशी निवेश और विदेशों में संपत्ति बनाने या ट्रांसफर करने के कड़े नियम हैं। अगर कोई कंपनी इन नियमों का उल्लंघन कर विदेशी फंड का हेरफेर करती है, तो ईडी को इस कानून के तहत जांच और जब्ती का अधिकार होता है। वेदांता पर आरोप हैं कि उसने कुछ विदेशी वित्तीय लेनदेन में नियमों की अनदेखी की है।


School No. : 70622
Affiliation No.: 2131221
Admission Open 2026-27
Science, Commerce & Humanities
RNTSSS
R.N. Tagore Higher Secondary School
(A Senior Secondary School)
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
WHERE EVERYONE IS AN ACHIEVER
Referral Book
The Most Advanced 192 Slice Siemens CT Scan Facility in Purvanchal
Diagnato diagnostics realm
•CT Coronary Angiogram
•Brain Angiography
Opposite R.N. Tagore Hr. Sec. School Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur-222001
9580799739, 8400746241
diagnatoimaging@gmail.com
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur
Phone:+91 5452-352515 Mob.: 9616178972, 9935011946, 7388456512
Email : rnthrss94@rediffmail.com | www.rntsss.com
❖ आर.एन. टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सहयोग से डायग्नेटो डायग्नोस्टिक सेंटर पर सभी विद्यार्थियों को नि:शुल्क जाँच सुविधा उपलब्ध। ❖ सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं अन्य विद्यार्थियों को सभी मेडिकल/जाँच सेवाओं पर 50% की विशेष छूट।
आपका स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता!


# रिफिलिंग के दौरान गैस सिलिंडर फटने से इमारत ढही, 11 घायल

## दिल्ली के मुकुंदपुर में समय हुआ हादसा, एक की हालत गंभीर



**दिल्ली, 02 जून।** भलस्वा डेरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर के ईशू विहार की गली नंबर-एक में मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे जोरदार धमाके के बाद एक इमारत ढह गई। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पूरा मकान मलबे में तब्दील हो गया। मकान में अवैध तरीके से गैस रिफिलिंग का काम किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार, इस हादसे में 11 व्यक्ति घायल हो गए हैं। इनमें से एक की हाल गंभीर बनी हुई है। हादसे के तुरंत बाद दमकल की टीम के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों और पीसीआर की मदद से चार घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचा दिया गया था। फिलहाल, सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, 250 वर्ग गज के इस भूखंड में गैस सिलिंडर रीफिलिंग के अलावा पेंट और मोबाइल चार्जिंग वायर बनाने का काम भी होता था। लोगों का कहना है कि 5-6 साल से इस इमारत में व्यवसायिक गतिविधियां चल रही थीं।

पुलिस और दमकल विभाग के अनुसार, अभी तक तीन लोगों को मलबे से सकुशल निकाल लिया गया है, जबकि एक व्यक्ति अभी भी मलबे में दबा हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना गैस सिलिंडर ब्लास्ट के कारण हुई है। इस हादसे में कुल 11 लोग घायल हुए हैं। वहीं, एक की हालत गंभीर होने के बाद उसे सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया है।

दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं और पुलिस के साथ मिलकर रेस्क्यू अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। दमकल विभाग का कहना है कि सुबह 9:37 बजे धमाके के बाद इमारत गिरने और कुछ लोगों के फंसे होने की सूचना मिली थी। सर्च अभियान अभी जारी रहा है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, मंगलवार को सुबह 9 बजे सूचना मिली कि सिलिंडर में धमाका होने के बाद एक मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर राहत कार्य शुरू करने के आदेश दे दिए। इस बीच स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य करना शुरू कर दिया था। सूचना यह भी मिल रही है कि मलबे में से आधा दर्जन सिलिंडर मिले हैं।

बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि इस इमारत में अवैध रूप से गैस सिलिंडर की रीफिलिंग हो रही थी। बड़े सिलिंडर से छोटे सिलिंडर में गैस भरी जा रही थी। इसी दौरान धमाका हुआ। सभी घायलों को निकाल कर अस्पताल पहुंचा दिया गया है, इनसे एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है। चार घायलों का इलाज जहांगीरपुरी के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में चल रहा है और छह रोहिणी स्थित बाबा साहेब अंबेडकर में उपचाराधीन हैं।

# हल्द्वानी की वाइन शॉप में लगी भीषण आग, 8 करोड़ का नुकसान

## दमकल की तीन गाड़ियों ने पाया काबू

**हल्द्वानी, 02 जून।** शहर के तिकोनिया चौराहे पर स्थित एक वाइन शॉप में सोमवार देर रात भीषण आग लगने से करोड़ों रुपये का नुकसान हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी दुकान व ऊपरी मंजिल में स्थित गोदाम उसकी चपेट में आ गया। आग की लपटें और धुआं देखकर सड़क से गुजर रहे एक व्यक्ति ने रात दो बजे दमकल विभाग को सूचना दी। सुबह साढ़े चार बजे तक आग पर काबू पाया गया।

पुलिस के अनुसार मल्ला गोरखपुर निवासी राजेंद्र पाल की तिकोनिया में वाइन शॉप है। शार्ट सर्किट के चलते देर रात करीब दो बजे अचानक दुकान में आग लग गई। इससे दुकान में भारी मात्रा में रखे शराब के स्टाक में आग लग गई, जिसके चलते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया।

सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब ढाई घंटे तक लगातार मशक्कत कर आग बुझाने का प्रयास किया। सुबह लगभग साढ़े चार बजे आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। प्रारंभिक आकलन के अनुसार घटना में करीब आठ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

**बाल-बाल बची आसपास की दुकानें:** आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आसपास स्थित कई दुकानें भी इसकी जद में आने वाली थीं, लेकिन दमकल विभाग की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। आग को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया, जिससे आसपास की दुकानें जलने से बाल-बाल बच गईं। घटना की सूचना पर पुलिस के साथ ही आबकारी टीम भी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। दमकल विभाग के एसएसओ एमपी सिंह ने बताया कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कहा कि अगर समय रहते सूचना मिल जाती है काफी हद तक आग पर काबू पाया जा सकता था। टीम ने आसपास की दुकानों को जलने से बचा लिया है।



माइण्ड केयर सेन्टर
MIND CARE & E.E.G. CLINIC माइण्ड केयर
डॉ० दिनेश पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (साइकियाट्री) बी.एच.यू.
(वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोफिजिशियन)
सम्पर्क सूत्र:- 9415203047, 9506699099
मिर्जापुर रोड, निकट-सिटी स्टेशन रेलवे क्रासिंग, पुल के नीचे
जौनपुर दिन- बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार (समय-10 बजे से 5 बजे तक) मो0- 8934932805
लालगंज स्टेट बैंक के सामने, बाईपास रोड, लालगंज, आजमगढ़ (दिन-प्रत्येक वृहस्पतिवार (समय-11 बजे से 4 बजे तक) मो0- 9415203047
वाराणसी D33, शिवाजी नगर कालोनी महमूरगंज (आकाशवाणी के पीछे) सोम-मंगल : सुबह 10 से 2 सुबह/शाम (प्रतिदिन) 6 बजे से 8 बजे तक मो0-9415217568, 9415203047
भदोही भदोही ब्लाक के सामने रेवड़ा फाटक रेलवे क्रासिंग के पास, भदोही दिन- प्रत्येक शनिवार समय 10 बजे से 4 बजे तक मो0-9621979101, 9415203047


# 'कर्ज वापस मांगना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं'

**मुंबई, 02 जून।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि किसी उधार लेने वाले व्यक्ति से अपने पैसे वापस मांगना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने एक स्कूल टीचर की आत्महत्या के मामले में छह आरोपियों को राहत दी है। कोर्ट ने कहा कि भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 306, जो आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित है, उसके तहत मामला बनाने के लिए यह एक जानबूझकर किया गया काम होना चाहिए, जो किसी व्यक्ति को अपनी जान लेने के लिए उकसाए। दरअसल, अमित मोरे जो कि पैसे उधार देने का काम करते है। उनपर और पांच अन्य लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा था। यह मामला तब सामने आया जब महाराष्ट्र के कोल्हापुर में दिलीप मांडे ने लोन रिकवरी एजेंटों द्वारा कथित तौर पर परेशान किए जाने के बाद अपनी जान दे दी। उनके खिलाफ दायर चार्जशीट को रद करते हुए, कोर्ट ने साफ किया कि अपने ही पैसे वापस मांगना अपने आप में आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता।

# अब पावागढ़ के नाम से जाना जाएगा फाजिलनगर

## कुशीनगर में सीएम ने किया 278 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास



**लखनऊ, 02 जून।** कुशीनगर के फाजिलनगर का नया नाम अब पावागढ़ हो गया है। मंगलवार को सीएम योगी ने इसका एलान किया है। कुशीनगर दौरे पर गए सीएम योगी ने 424 करोड़ से अधिक लागत की 278 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

सीएम योगी ने कहा कि ये भगवान राम के पुत्र कुश, भगवान बुद्ध और भगवान महावीर की धरती है। अब फाजिलनगर का नया नाम पावागढ़ होगा। कहा कि जनता की जो मांग होती है, फाजिलनगर के विधायक जी उसे पूरा करते हैं। फाजिलनगर को हम पावागढ़ के तौर पर मान्यता देने का रहे हैं। इसका नाम भगवान महावीर के नाम पर होगा।

कहा कि इतनी समृद्धशाली विरासत का साक्षी हमारा कुशीनगर है। याद करिए, आज से 9 साल पहले पहचान का संकट था। हर प्रकार का माफिया- भू माफिया, खनन माफिया, जंगल पार्टी का आतंक था। हर प्रकार का माफिया इस पावन धरती को जकड़ा हुआ था। पिछली सरकारों के पाप के कृत्य थे कि गरीब भूख से मर रहा था, नौजवान बेरोजगार घूम रहा था। आम जनता माफिया और अपराधियों से परेशान थी। लेकिन अब ऐसा नहीं है।

**सीएम योगी ने विपक्षियों पर साधा निशाना:** सीएम योगी ने विपक्षियों पर हमला भी किया। सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले पहचान का संकट था। प्रदेश में जंगल पार्टी का आतंक था, माफियाओं का बोल बाला था। किसान और युवा सभी लोग परेशान थे। लेकिन अब यूपी से माफिया और मच्छर दोनों को खत्म किया।


20 Year
मानकः पथप्रदर्शकः
750/916 Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड एक्सक्लूसिव शोरूम
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001
RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेन्ट की सुविधा उपलब्ध है।

राजेश जायसवाल की निजी सुरक्षा कर्मियों द्वारा पीटने से हुई थी मौत

# नमो घाट की घटना में संलिप्त दोषियों को हो फांसी

तरूणमित्र न्यूज

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव निर्देशानुसार मगलवार को समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल राजेश जायसवाल उर्फ चिन्टू (उम्र लगभग 18 वर्ष) पुत्र बद्रीनारायण जायसवाल निवासी ग्राम बैउआ, थाना रायपुर को नमो घाट वाराणसी स्थित विश्व स्तरीय पर्यटक स्थल पर निजी सुरक्षा कर्मियों की बेरहमी से पिटाई का शिकार हुआ, जिससे उनकी दर्दनाक मृत्यू हो गई। जिस स्थान पर देश-विदेश से लोग घूमने आते हैं, उसी स्थान पर एक सब्जी व्यापारी का निर्मम हत्या कर दी गई। यह घटना पूरे व्यापारी समाज एवं मानवता को झकझोर देने वाली है। उनके साथ मौजूद निम्न युवकों के साथ भी गंभीर मारपीट की गई एवं उन्हें गंभीर चोटें आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार निजी सुरक्षा कर्मियों ने बिना किसी वैधानिक अधिकार के कानून हाथ में लेकर गाली-गलौज, मारजीट एवं जान से मारने की धमकी दी। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल निम्नलिखित मांग की है-नमो घाट परिसर के सभी सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर सार्वजनिक निगरानी में निष्पक्ष जांच कराई जाए। 02. सभी दोषी निजी सुरक्षा कर्मियों की तत्काल गिरफ्तारी कर कठोरतम दंड सुनिश्चित किया जाए। संबंधिक निजि सुरक्षा कंपनी एवं उसके प्रबंधन की



भूमिका की उच्च स्तरीय जांच कर उन्हें भी सह-अभ्युक्ति बनाया जाए। पीड़ित परिवार को 50 लाख रूपया आर्थिक सहायता और एक सरकारी नौकरी एवं घायल युवकों के परिवार वालों को 10-10 लाख रूपया आर्थिक सहायता दिया जाय।, दोषियों के विरूद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर फांसी की सजा दिलाई जाए। यदि उपरोक्त मांगों को पूरा नहीं किया गया तो समाजवादी पाटी सड़क से लेकर दोनों सदन विधानसभा एवं लोकसभा में उठाने का काम करेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल ने कहां कि भाजपा के उत्तर प्रदेश के प्रभारी मंत्री जो आर्थिक सहयोग में 5 लाख रूपया दिया वह तो पहले से ही समाजवादी पार्टी की सरकार में देने का प्रविधान था। वह आर्थिक सहयोग यदि प्रभारी मंत्री नहीं देते तब पर भी मिलता। यदि प्रभारी मंत्री अलग से आर्थिक सहयोग देते तो माना जाता कि भाजपा सरकार गरीबों, किसानों, व्यापारियों, मजदूरों के दु:ख दर्द को समझती है। लेकिन भाजपा सरकार पूंजी पतियों की सरकार उसे किसी से कोई लेना-देना नहीं हैं। वह केवल दिखावा करती है। भाजपा सरकार में कोई वर्ग सुरक्षित नहीं है। इस सरकार चारों तरफ आराजकता व्याप्त है। यह सरकार धर्म के नाम पर हर समाज को बांटने का काम कर रही है, लेकिन अब जनता जान चुकी भाजपा के बहकावें में नहीं आने वाली है। आगामी विधानसभा चुनाव जनता इन्हें उखाड़ फेंकने का काम करेगी। प्रतिनिधि मण्डल में राम निहोर यादव जिलाध्यक्ष, छोटेलला सिंह खरवार सांसद, आशुतोष सिन्हा एमएलसी, प्रदीप जायसवाल एड प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी व्यापार सभा, अविनाश कुशवाहा पूर्व विधायक, अनिल यादव पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत, डॉ0 अजय चौरसिया प्रदेश सचिव समाजवादी व्यापार सभा, दिनेश अग्रहरी काजू जिलाध्यक्ष समाजवादी व्यापार सभा, चन्द्रन यादव, विकास केसरवानी प्रदेश सचिव समाजवादी व्यापार, विजय शंकर जायसवाल विधानसभा अध्यक्ष रा0गंज के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष संजय यादव, विजय यादव, जिला महासचिव सईद कुरैशी, चेखूर पाण्डेय, मन्नू पाण्डेय, डॉ0 केडी सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

## फोटो अथवा वीडियो साझा करने की अपील

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि यदि उनके क्षेत्र में आंधी-तूफान, तेज हवाओं, पेड़ गिरने, जलभराव, विद्युत आपूर्ति बाधित होने अथवा मौसम से संबंधित किसी अन्य घटना की जानकारी उपलब्ध हो तो उसका फोटो अथवा वीडियो प्रशासन के साथ अवश्य साझा करें। उन्होंने कहा कि प्राप्त सूचनाओं के आधार पर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे तथा जनहित में आवश्यक जानकारी एवं चेतावनी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के दौरान नागरिक सतर्कता बरतें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। उन्होंने जनसहभागिता को आपदा प्रबंधन का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि नागरिकों द्वारा साझा की गई जानकारी से राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने में सहायता मिलेगी। प्रशासन जनपदवासियों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## हादसा : दो युवकों की घटनास्थल पर मौत

तरूणमित्र न्यूज

**मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के हलिया देवरी मार्ग पर मुड़पेली गांव में मंगलवार की शाम मैजिक वाहन व बाइक की आमने सामने भिड़ंत से बाइक चालक सहित सवार दोनों युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है।

मौके पर पहुंचे लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस दोनों के शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई में जुट गयी है। थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी बाइक चालक मोनू कोल (25)बाइक से अपने रिश्तेदार कवलझर गांव निवासी सुनील(27) के साथ बाइक पर पीछे बैठा कर बड़ौहा रिश्तेदार के यहां जा रहे थे।जैसे ही हलिया देवरी मार्ग के मुड़पेली गांव के पेट्रोल पंप के पास पहुंचे की सामने से आ रहे मैजिक वाहन से आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दोनों युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव मामले की जांच पड़ताल करते हुए दोनों के शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया । हादसा इतना भीषण था की बाइक मैजिक वाहन में जाकर फंस गई। दोनों लोग हेल्मेट नहीं लगाए थे। मृतक मोनू की पत्नी सुनीता का रो-रो कर बेहाल है।मोनू के पास एक बेटी है। मृतक सुनील की पत्नी का ऋशु है दो बेटे हैं एक लडक दश दिन पुर्व पैदा हुआ है। मौके पर सीओ अमर बहादुर सिंह ने जांच पड़ताल किया।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मैजिक वाहन व बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दो युवकों की मौत होने की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# देवरी जंगल में मिला बच्ची का शव, पहचान कराने में जुटी पुलिस

एसपी ने किया मौका-ए-वारदात का निरीक्षण, टीम गठित

तरूणमित्र न्यूज

**मड़िहान, मीरजापुर।** मड़िहान थाना क्षेत्र के मिर्जापुर-सोनभद्र मुख्य मार्ग पर स्थित देवरी कला गांव के सामने कुनबिया मोड़ के पास मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे एक 10 वर्षीय अज्ञात बच्ची का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव सड़क से लगभग 10 फीट दूर झाड़ियों के बीच पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर के साथ भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच गया।

इसके बाद देवरी जंगल क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। पुलिस के अनुसार मृत बच्ची की उम्र लगभग 10 वर्ष प्रतीत हो रही है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा आस-पास के क्षेत्रों में बच्ची की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।



घटनास्थल का निरीक्षण करतीं एसपी

मड़िहान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को बच्ची के संबंध में कोई जानकारी हो तो तत्काल थाना मड़िहान के मोबाइल नंबर 9454404014 पर संपर्क करें, जिससे बच्ची की पहचान सुनिश्चित की जा सके। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। बच्ची की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगा।

## डॉ0 आरके मिश्रा ने संभाला कार्यभार

**सोनभद्र।** जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी पीके राय के स्थानांतरण होने के उपरान्त स्वास्थ्य विभाग में नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आर.के.मिश्रा ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़ और मरीजों के लिए सुविधाजनक बनाने को प्राथमिकता देने की बात कही। इससे पहले वह लखनऊ में संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात थे। कार्यभार संभालने के बाद डॉ.आर.के. मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना, स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना और मरीजों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर चलेगा जनकल्याण जागरूकता अभियान

जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों का लिया जायजा, दिया निर्देश

फोटो-1,

तरूणमित्र न्यूज

**सोनभद्र।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 से 21 जून,2026 तक आयोजित होने वाले जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का शुभारंभ 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया जाएगा। इस दौरान अमृत सरोवरों, तालाबों, नहरों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित कार्यक्रमों का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी चर्चित गौड़

करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 8 जून से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा तथा 11 से 14 जून तक मीडिया संवाद एवं संबोधन कार्यक्रम आयोजित होंगे। 14 से 16 जून तक जनपद के सभी विकास खंडों में जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा, जहां पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि 16 एवं 17 जून को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास उपलब्धियों एवं सुशासन के विभिन्न आयामों को जनसामान्य तक पहुंचाया जाएगा। इसके पश्चात् 17 से 20 जून तक विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्राकृतिक खेती पर आधारित कार्यशालाएं भी आयोजित होंगी। अभियान का समापन 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित वृहद योग कार्यक्रम के साथ होगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, डीसी मनरेगा रविंद्र सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सोनभद्र में वृक्षारोपण अभियान 2026 के तहत एक करोड़ 61 लाख से अधिक पौधे रोपने का लक्ष्य

# योगी सरकार का हरित आवरण बढ़ाने पर जोर

तरूणमित्र न्यूज

**सोनभद्र।** गर्मी के मौसम में लागातार बढ़ते तापमान को लेकर चिंतित प्रदेश की योगी सरकार ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने पर जोर दे रही है। इसी के तहत जिले में इस वर्ष वृक्षारोपण अभियान 2026 के तहत एक करोड़ 61 लाख से अधिक पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया। सभी विभागों को पौधरोपण का लक्ष्य आवंटित करने के साथ ही रोपे गए पौधे की रक्षा के लिए भी संपकल्पित किया गया है। वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस से हो जाएगी। इस दिन अलग-अलग स्थानों पर पौधरोपण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किए जाने के साथ ही 2100 पौधों का रोपण भी किया जाएगा। प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष जायसवाल ने बताया कि इस वर्ष वृक्षारोपण अभियान के तहत जिले में कुल 1,61,69,686 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 10,21,8000 लाख पौधों का रोपण वन विभाग द्वारा किया जाएगा। शेष 5,951,686 लाख पौधरोपण 22 अन्य विभागों द्वारा कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि वन विभाग व उद्यान विभाग की पौधशालाओं में पौधों को रोपण के लिए तैयार किया जा रहा है।

बताया कि पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर डाला रेंज स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम के साथ-साथ आमजन को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने एवं उनकी रक्षा के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के अन्य स्थानों पर इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित कर 2100 फल एवं छायादार पौधे रोपे जाएंगे।

**मिशन छाया से सड़कें बनेंगी छायादार**

प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि हीटवेट के दुष्प्रभावों को नियंत्रित करने हेतु प्रदेश सरकार ने सड़कों के किनारे दोनों तरफ ज्यादा से ज्यादा छायादार पौधे लगाने की योजना बनाई है।

इसे मिशन छाया नाम दिया गया है। बताया कि इस मिशन के तहत सड़कों के किनारे छायादार पौधों का रोपण करने के साथ ही उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी। सड़कों के किनारे रोपे गए पौधे जब बड़े होकर वृक्ष बनेंगे तो सड़कों का तापमान कम रहेगा। जिससे हीटवेट का खतरा कम होगा। विभागवार आवंटित लक्ष्य इस प्रकार से हैं वन विभाग 1,021,800, पर्यावरण विभाग 441,000, ग्राम्य विकास विभाग 3,195,286, राजस्व विभाग 236,600, पंचायती राज विभाग 334,800, आवास विकास विभाग 16,900, औद्योगिक विकास 25,900, उद्योग विभाग रू 32,700, नगर विकास 74,600, लोक निर्माण 41,100, जल शक्ति विभाग 50,900, रेशम विभाग 28,000, कृषि विभाग 7,18,000, पशुपालन विभाग 19,800, सहकारिता 18,500, उर्जा विभाग 18,500, शिक्षा विभाग 138,900, श्रम विभाग 8,300, स्वास्थ्य विभाग 29,000, परिवहन विभाग 6,300, रेलवे विभाग 33,000 रक्षा विभाग 13,000, उद्यान विभाग 444,000, गृह विभाग 26,600 है।

# आईजीआरएस शिकायतों का समय से निस्तारण करने का निर्देश

**सोनभद्र।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित एवं निस्तारित शिकायतों की प्रगति का विस्तृत समीक्षा किए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई एवं आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतें शासन की प्राथमिकताओं में शामिल हैं, इसलिए इनके निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि शिकायतों का पुन: संदर्भीकरण न हो और आमजन को संतोषजनक समाधान प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने का आह्वान किया। बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी

# बीएसए कार्यालय के नवीनीकरण कार्य का हुआ लोकार्पण

**भदोही।** जनपद में बीएसए कार्यालय के नवीनीकरण (इनोवेशन) कार्य का शुभारंभ मंगलवार को विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, डीएम शैलेश कुमार एवं एसपी अभिनव त्यागी ने फीता काटकर किया। लगभग 9.90 लाख रुपए की लागत से कराए गए इस नवीनीकरण कार्य के माध्यम से कार्यालय परिसर को अधिक सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त बनाया गया है।

इस दौरान डीएम ने कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए कार्य की गुणवत्ता की सराहना की। नवीनीकरण के तहत कार्यालय कक्षों के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ परिसर की समुचित व्यवस्था, स्वच्छता एवं कर्मचारियों तथा आगंतुकों की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया गया है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देशित किया कि कार्यालय परिसर में शेष आवश्यक कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए, ताकि संपूर्ण परिसर और अधिक आकर्षक, सुव्यवस्थित



एवं कार्यानुकूल वातावरण प्रदान कर सके। उन्होंने कहा कि एक स्वच्छ एवं व्यवस्थित कार्यालय न केवल कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाता है, बल्कि आमजन को भी बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायक होता है। विधायक विपुल दुबे ने कहा कि शैक्षणिक एवं प्रशासनिक संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण समय की आवश्यकता है। इस प्रकार के प्रयासों से कार्य संस्कृति में सकारात्मक परिवर्तन आता है तथा आमजन को बेहतर वातावरण में सेवाएं प्राप्त होती हैं। एसपी अभिनव त्यागी ने भी नवीनीकरण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित कार्यालय परिसर प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता को और बेहतर बनाते हैं।

इस मौके पर बीएसए शिवम पांडेय डीआईओएस अंशुमान, शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

◆ 1401.17 लाख रूपए की लागत से विकसित होने वाले आधुनिक प्रशिक्षण परिसर का विधायक ने किया शिलान्यास

# डायट को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की दिशा में बड़ा कदम

तरूणमित्र न्यूज

**भदोही।** जनपद में शिक्षा एवं शिक्षक प्रशिक्षण व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) को आधुनिक सुविधाओं से युक्त सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किए जाने के लिए प्रस्तावित निर्माण कार्यों का शिलान्यास मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ हुआ।

इस दौरान विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, डीएम शैलेश कुमार एवं एसपी अभिनव त्यागी ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। यह महत्वाकांक्षी परियोजना केंद्र सरकार की समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत टीचर एजुकेशन घटक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत की गई है। लगभग 1401.17 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित इस परियोजना के अंतर्गत आधुनिक सुविधाओं से युक्त एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक (जी+1),



निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन करते विधायक, डीएम-एसपी व अन्य

एकेडमिक ब्लॉक (जी+2), 50 सीट क्षमता वाला छात्रावास (जी+1), आवासीय भवन, आरसीसी सड़क, 200 आरएम बाउंड्रीवॉल, बैडमिंटन कोर्ट, बोरिंग सहित विभिन्न बाह्य विकास कार्यों का निर्माण कराया जाएगा। परियोजना के पूर्ण होने के बाद डायट परिसर अत्याधुनिक संसाधनों, डिजिटल शिक्षण सुविधाओं एवं उन्नत प्रशिक्षण अवसंरचना से सुसज्जित होगा। इससे शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आएगा तथा प्रशिक्षुओं को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे ने कहा कि डायट को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाना जनपद के शैक्षिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल संसाधनों से युक्त यह संस्थान शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिसका सीधा लाभ विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास पर पड़ेगा। वहीं डीएम शैलेश कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना के प्रत्येक चरण की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्धारित समयावधि में सभी कार्य पूर्ण हो सकें। इस मौके पर बीएसए शिवम पांडेय सहित डायट प्राचार्य व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## फलों को तोड़ने की परेशानी देख बना दी मशीन

**मीरजापुर।** कलाम इन्नोवेशन लैब अहरौरा के नवप्र वर्तक आर्यन प्रसाद ने घर पर आम, बेल जैसे फलों को तोड़ने की परेशानी को देखते हुए उन्होंने एक सरल मशीन तैयार की है। ये फल जमीन में न गिरे इसके लिए उसमें एक बैग भी लगा रखा है, फल टूटने के साथ सुरक्षित बैग में आ जाते है। जिला विज्ञान क्लब मीरजापुर के समन्वयक सुशील कुमार पाण्डेय ने बताया कि आर्यन प्रसाद एक जुगाडू नव प्रवर्तक हैं इन्होंने इसके पहले गोभी काटने की मशीन भी बनाई थी। ये नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान अहमदाबाद में भी अपने नव प्रवर्तन को प्रदर्शित कर चुके है। इनकी फल तोड़ने की मशीन काफी सरल एवं सस्ती भी है।आर्यन प्रसाद ने एक संदीपन एग्रो के नाम से एक कम्पनी बना कर स्टार्टअप शुरु किया है।फल तोड़ने वाली मशीन की कीमत ,300 रुपये एवं बैग सहित मशीन की कीमत 2500 रुपये रखी है। आर्यन प्रसाद ने अभी तक 120 मशीन बना कर दूसरे प्रदेशों में बेच चुके हैं, उन्हें मशीन के लिए काफी मात्रा में आर्डर भी मिलने शुरु हो गये है।

# तरुणमित्र

**बुधवार, 03 जून 2026**

संवत- 2083, ज्येष्ठ कृष्णा पक्ष- 03


## बयानबाजी सोच समझ कर

*नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह द्वारा नेपाली संसद में भारत-नेपाल सीमा विवाद पर दिया गया बयान कूटनीतिक असावधानी का परिचायक है। उनका यह दावा कि नेपाल ने भी भारतीय भूमि पर अतिक्रमण किया है, नेपाल के भीतर ही तीव्र विरोध का कारण बन गया है। ऐतिहासिक तथ्यों और आधिकारिक रेकॉर्ड के अभाव में देश के शीर्ष पद से ऐसा अपरिपक्व बयान आना काठमांडू की कूटनीतिक साख को ठेस पहुंचाता है, जिसका खामियाजा अंततः द्विपक्षीय वार्ताओं को भुगतना पड़ सकता है। सबसे चिंताजनक पहलू सीमा विवाद के समाधान के लिए तीसरे पक्ष को घसीटने का अव्यावहारिक सुझाव है। सुगौली संधि के संदर्भों का हवाला देकर ब्रिटेन को शामिल करने की मांग तो अतार्किक है ही, परंतु इस कूटनीतिक विमर्श में चीन को पक्षकार बनाने की कोशिश क्षेत्रीय भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की आशंकाएं पैदा करती है। लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा पूरी तरह से भारत और नेपाल के बीच का द्विपक्षीय मामला है।*

*इस संवेदनशील त्रिकोणीय जंक्शन पर चीन की मौजूदगी को आमंत्रित करने या उसे महत्व देने की कोशिश कर प्रधानमंत्री बालेन ने परोक्ष रूप से भारत के ऐतिहासिक सहयोग और सुरक्षा चिंताओं को कमतर आंकने का प्रयास किया है। भारत अपनी सीमाओं से जुड़े मामलों में किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को पूरी तरह खारिज करता आया है। सामरिक दृष्टि से संवेदनशील इस हिमालयी क्षेत्र में भारत विरोधी तत्वों या विस्तारवादी शक्तियों को परोक्ष बढ़ावा देना स्वयं नेपाल के दीर्घकालिक हितों के प्रतिकूल हो सकता है। भारत ने हमेशा नेपाल की संप्रभुता का सम्मान करते हुए एक बड़े भाई और विश्वसनीय सहयोगी की भूमिका निभाई है, चाहे वह बुनियादी ढांचे का विकास हो या आपदा के समय दी गई मदद। ऐसे में किसी तीसरे देश के भू-राजनीतिक कार्ड के मोहरे के रूप में कूटनीति का संचालन करना न केवल दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास को कमजोर करता है, बल्कि दक्षिण एशिया की क्षेत्रीय स्थिरता को भी खतरे में डालता है। भारत-नेपाल के संबंध केवल राजनीतिक संधियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये 'रोटी-बेटी' के गहरे सांस्कृतिक और आर्थिक ताने-बाने से जुड़े हैं। ऐसे में अतीत के औपनिवेशिक शासकों या अन्य क्षेत्रीय ताकतों को मेज पर बुलाना जमीनी हकीकत से परे है। नेपाल के विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई सफाई और वहां के विशेषज्ञों, पूर्व राजदूतों तथा विपक्ष द्वारा जताई गई आपत्ति यह स्पष्ट करती है कि सीमा प्रबंधन जैसी जटिल समस्याओं का समाधान सार्वजनिक मंचों पर अनावश्यक बयानबाजी से नहीं, बल्कि कूटनीतिक माध्यमों से ही संभव है। आपसी विश्वास और निरंतर द्विपक्षीय संवाद से ही सीमा के लंबित मुद्दों को सुलझाया जा सकता है। भारत ने दोनों राष्ट्रों के साझा विकास के लिए यह मंशा पहले ही प्रकट कर दी है।*

# दो कौड़ी कहने वाली जुबान और करोड़ों भाग्य बदलने वाले हाथ



*– प्रो. आरके जैन "अरिजीत" –*

भारतीय शिक्षा जगत में यह शायद ही पहले कभी देखने को मिला हो कि एक टीवी स्टूडियो में कही गई टिप्पणी इतनी तेज़ी से राष्ट्रीय बहस का विषय बन जाए। लेकिन जब वरिष्ठ एंकर अंजना ओम कश्यप ने नीट पेपर लीक पर चर्चा के दौरान यूट्यूब शिक्षकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि "एक्सप्लेनर बनाते हैं, जानते कुछ नहीं" और उन्हें "दो कौड़ी के यूट्यूब गुरु" तक कह दिया, तो यह सिर्फ एक टीवी बहस नहीं रही। यह बयान देखते ही देखते "ब्लैकबोर्ड पर ब्रेकिंग न्यूज़" बन गया। वास्तव में, यह डिजिटल शिक्षा की बढ़ती ताकत के सामने मुख्यधारा मीडिया की असहजता को उजागर करता है। अंजना का यह हमला तथ्यों से अधिक पूर्वाग्रह का प्रतीक प्रतीत होता है।

जब लाखों छात्रों का भरोसा किसी मंच से जुड़ जाए, तो उस पर उठी उंगली केवल व्यक्तियों पर नहीं, पूरी व्यवस्था पर सवाल बन जाती है। अंजना ओम कश्यप की इस टिप्पणी को खान सर, अभिनय शर्मा जैसे लोकप्रिय यूट्यूब शिक्षकों पर भी लागू माना गया।

उन्होंने कुछ डिजिटल शिक्षकों को 'बड़ा फ्रॉड' तक कह दिया। यह टिप्पणी ऐसे समय आई, जब लाखों छात्र ऑनलाइन शिक्षा के सहारे अपने सपने संवार रहे हैं। इसलिए इसे केवल कुछ शिक्षकों पर नहीं, बल्कि पूरे डिजिटल शिक्षा जगत की साख पर प्रहार माना गया। सवाल है, क्या यह आलोचना तथ्यों पर आधारित है या महज़ सुर्खियाँ बटोरने की कोशिश? क्या कुछ अपवादों के आधार पर पूरे समुदाय को कटघरे में खड़ा करना उचित है? शोर और आरोपों से परे, किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन उसके परिणामों से होता है। पिछले एक दशक में यूट्यूब आधारित शिक्षा ने लाखों छात्रों तक ज्ञान पहुँचाया, जिनकी पहुँच महंगी कोचिंग तक नहीं थी। खान सर और अभिनय शर्मा जैसे शिक्षकों ने दूर-दराज़ क्षेत्रों के युवाओं को अवसर, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास दिया। इनके पक्ष में सबसे बड़ा प्रमाण लाखों सफल छात्र हैं। यदि ये "कुछ नहीं जानते", तो यह सफलता कैसे संभव हुई? हालाँकि कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन उनसे पूरे योगदान को नकारा नहीं जा सकता। अंजना जी, यह आरोप केवल शिक्षकों पर नहीं, उनके समर्पण और मेहनत पर भी सवाल उठाता है।

जब दुनिया थम-सी गई थी और शिक्षा के पारंपरिक रास्ते बंद हो गए थे, तब डिजिटल मंचों ने सीखने की लौ बुझने नहीं दी। कोविड महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षक लाखों विद्यार्थियों के लिए सहारा बने। स्कूलों और कक्षाओं के बंद रहने पर मोबाइल और इंटरनेट के जरिए शिक्षा घर-घर पहुँची। जहाँ कई कोचिंग संस्थानों की फीस लाखों रुपये तक है, वहीं अनेक यूट्यूब शिक्षक मुफ्त या कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते रहे। डिजिटल प्लेटफॉर्म ने शिक्षा को सीमित दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुँचाया है। ऐसे योगदान को अनदेखा कर पूरे समुदाय को फ्रॉड बताना न केवल अनुचित, बल्कि एकतरफा दृष्टिकोण भी है।

हालाँकि कुछ चैनलों में क्लिकबेट, भ्रामक थंबनेल और पेड कोर्स की आक्रामक मार्केटिंग जैसी समस्याएँ भी मौजूद हैं। विवाद के बीच शिक्षकों की प्रतिक्रिया ने अंजना के आरोपों पर नए सवाल खड़े कर दिए। अभिनय सर और खान सर जैसे शिक्षकों ने कहा कि उनका काम छात्रों का भविष्य संवारना है, न कि सनसनी फैलाना। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई उन्हें ज्ञानहीन सिद्ध कर दे, तो वे सीखने को तैयार हैं, लेकिन निराधार आरोप स्वीकार्य नहीं हैं। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर छात्रों ने भी खुलकर उनका समर्थन किया। हजारों प्रतिक्रियाओं में छात्रों ने बताया कि इन शिक्षकों ने शिक्षा को महंगे दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुंचाया है। ऐसे में "दो कौड़ी" जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन लाखों छात्रों और परिवारों के विश्वास पर भी चोट करती है, जो उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते हैं।

इस प्रकरण ने मुख्यधारा मीडिया की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े किए हैं। जब यूट्यूब शिक्षक नीट लीक, सीबीएसई विवादों और शिक्षा व्यवस्था की खामियों पर आवाज उठाते हैं, तो उन्हें फ्रॉड कहकर खारिज कर दिया जाता है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या टीवी एंकर हर विषय के अंतिम विशेषज्ञ हैं? यदि डिजिटल मंचों की विश्वसनीयता पर संदेह किया जाता है, तो टीआरपी-केंद्रित बहसों की निष्पक्षता भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। अंजना ओम कश्यप का बयान इसी विरोधाभास को उजागर करता है। एक ओर डिजिटल शिक्षक शिक्षा की पहुंच बढ़ा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके योगदान पर संदेह जताया जा रहा है। डिजिटल शिक्षा जगत भी कमियों से पूरी तरह अछूता नहीं है। कुछ यूट्यूब चैनलों पर क्लिकबेट और भ्रामक जानकारी की समस्या मौजूद है, जिसकी आलोचना और जवाबदेही आवश्यक है। कुछ टीचर्स पर पेपर लीक या गलत मार्गदर्शन के आरोप भी लगते रहे हैं। लेकिन कुछ उदाहरणों के आधार पर पूरे समुदाय को "फ्रॉड" या "दो कौड़ी का" कहना उचित नहीं। शिक्षा में गुणवत्ता जरूरी है, पर उसके नाम पर पूरे आंदोलन को अपमानित नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन तथ्यों और परिणामों से होना चाहिए, न कि अपमानजनक टिप्पणियों से। अंजना का बयान इसी अतिसामान्यीकरण की मिसाल प्रतीत होता है।

वस्तुत:, इस पूरे विवाद का केंद्र कोई एंकर या शिक्षक नहीं, बल्कि शिक्षा का बदलता परिदृश्य है। आज करोड़ों छात्र सीमित संसाधनों के बीच डिजिटल मंचों के सहारे अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। ऐसे में मुख्यधारा मीडिया और डिजिटल शिक्षा जगत, दोनों से संतुलन, जवाबदेही और संवाद की अपेक्षा है। किसी शिक्षक का मूल्यांकन आरोपों या उपहास से नहीं, बल्कि उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों से होना चाहिए। "दो कौड़ी के गुरु" जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन करोड़ों छात्रों के विश्वास और आकांक्षाओं पर भी आघात है; ऐसे में संबंधित टिप्पणी पर पुनर्विचार और खेद की अपेक्षा स्वाभाविक है। शिक्षा राष्ट्र की नींव है; इसलिए इस पर विमर्श पूर्वाग्रह नहीं, तथ्यों और सम्मान के आधार पर होना चाहिए।

# कौड़ी का कमाल...

*– पवन वर्मा –*

कभी भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे छोटी इकाइयों में गिनी जाने वाली कौड़ी इन मध्य प्रदेश की राजनीति के साथ ही न्यूज़ एंकर और यू ट्यूबर्स के बीच धमाल और कमाल कर रही है। यह वही कौड़ी है, जिसे लेकर सदियों से कहावतें बनती रहीं, मुहावरे गढ़े जाते रहे और लोगों की हैसियत का आकलन तक किया जाता रहा। आधुनिक भारत में उसकी हालत ऐसी हो गई थी कि नई पीढ़ी के अधिकांश लोग यह तक नहीं जानते थे कि कौड़ी आखिर होती क्या है।

बहुत युवाओं और बच्चों को तो यह किसी कार्टून पात्र का नाम लगती थी और कुछ इसे किसी समुद्री जीव का खोल भर समझते थे। अब आप कमाल देखिए। जिस कौड़ी को इतिहास की धूल ने ढक दिया था, जिसे संग्रहालयों और लोककथाओं में जगह मिली थी, वही कौड़ी अचानक राष्ट्रीय विमर्श- बहस और राजनीति में टकराहट का हिस्सा बन गई। टीवी चैनलों की बहसों में उसका नाम गूंजने लगा, राजनीतिक मंचों पर उसका उल्लेख होने लगा और सोशल मीडिया पर उसकी ऐसी वापसी हुई कि लगता है मानो भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही "कौड़ी श्रृंखला" के नए नोट जारी करने वाला हो। कौड़ी शायद अपने जीवन में पहली बार इतनी खुश होगी। वह सोच रही होगी कि जब मैं सचमुच चलन में थी, तब भी लोगों ने मुझे इतना सम्मान नहीं दिया था, जितना आज मेरे नाम पर बहस करके दे रहे हैं। एक समय था जब किसी को अपमानित करना हो तो कहा जाता था "तुम्हारी तो कौड़ी भर कीमत नहीं है।" किसी वस्तु का मूल्य कम बताना हो तो कहा जाता था, "यह तो कौड़ी के भाव बिक रही है।" किसी की आर्थिक स्थिति खराब हो तो लोग कहते थे "इसके पास फूटी कौड़ी भी नहीं है। "बेचारी कौड़ी ने सदियों तक अपमान का यह बोझ ढोया।

किसी ने यह नहीं कहा कि "तुम करोड़ों की कीमत के हो" या "तुम सोने के भाव बिक रहे हो"। नकारात्मक उदाहरण देना हो तो हर बार बेचारी कौड़ी को ही आगे कर दिया जाता था। कौड़ी भारतीय भाषाओं में शायद सबसे अधिक बदनाम मुद्रा रही है। इतिहासकार बताते हैं कि कभी भारत, चीन और अफ्रीका के अनेक हिस्सों में कौड़ियों का उपयोग मुद्रा के रूप में होता था। समुद्र से निकलने वाली छोटी-छोटी कौड़ियों से व्यापार होता था। लेन-देन में इनका इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन समय बदला, सिक्के आए, फिर कागजी नोट आए और बाद में डिजिटल भुगतान का युग आ गया। यूपीआई के इस दौर में कौड़ी की स्थिति वैसी हो गई थी जैसी पुराने जमाने के टेलीफोन बूथ की है। लोग उसे जानते तो थे, लेकिन उपयोग कोई नहीं करता था। फिर अचानक इन दिनों उसकी किस्मत बदल दी। अब हालात ऐसे हैं कि अगर कौड़ी का कोई जनसंपर्क अधिकारी होता तो वह प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहता, "हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वर्षों की उपेक्षा के बाद कौड़ी ब्रांड ने भारतीय सार्वजनिक जीवन में सफल वापसी की है।"

सोचिए, सदियों से चुपचाप संग्रहालयों में पड़ी कौड़ियां अचानक जागी होंगी और एक-दूसरे से पूछ रही होंगी...

"बहन, यह बाहर इतना शोर-शराबा किस बात का है?"

दूसरी कौड़ी जवाब देती है...

"लगता है फिर से हमारा जमाना आ गया है।"

पहली कौड़ी आश्चर्य से पूछती, "क्या बैंक ने हमें चलन में ला दिया?"

दूसरी कहती,

"नहीं, राजनीति और न्यूज़ एंकर ने हमें चलन में ला दिया है।"

राजनीति में वैसे भी पुरानी चीजों को पुनर्जीवित करने की अद्भुत क्षमता होती है। कभी इतिहास के नायकों की चर्चा होती है, कभी पुराने नारों की वापसी होती है और कभी-कभी तो ऐसे शब्द भी वापस आ जाते हैं जिन्हें भाषा-विज्ञानियों ने लगभग मृत घोषित कर दिया था। कौड़ी उन्हीं शब्दों में से एक है।

सोशल मीडिया पर अब स्थिति यह है कि लोग अर्थशास्त्र नहीं पढ़ रहे, बल्कि कौड़ीशास्त्र पढ़ रहे हैं। गूगल पर खोज हो रही है। "कौड़ी का इतिहास", "एक कौड़ी की कीमत कितनी थी?","कौड़ी और शंख में क्या अंतर है?",

"फूटी कौड़ी आखिर होती क्या है?"

संभव है कि आने वाले दिनों में किसी विश्वविद्यालय का शोधार्थी पीएचडी का विषय चुन ले "इक्कीसवीं सदी के भारतीय राजनीतिक विमर्श में कौड़ी का पुनर्जागरण- कारण, प्रभाव और संभावनाएं"। शोध के दौरान उसे पता चलेगा कि कौड़ी ने वह लोकप्रियता हासिल कर ली थी, जिसके लिए कई नेता, न्यूज़ एंकर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर वर्षों मेहनत करते हैं। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे अधिक परेशानी अर्थशास्त्रियों को हो रही होगी। उन्होंने वर्षों तक मुद्रा प्रणाली पर शोध किया, वित्तीय समावेशन पर लेख लिखे, डिजिटल भुगतान पर संगोष्ठियां आयोजित कीं, लेकिन जनता अचानक कौड़ी पर चर्चा करने लगी। उधर संग्रहालयों के कर्मचारी भी हैरान होंगे। जिन वस्तुओं को देखने महीनों कोई नहीं आता था, अब लोग पूछ रहे होंगे कि "कौड़ी वाला सेक्शन कहाँ है?"

पर्यटन विभाग चाहे तो "कौड़ी दर्शन यात्रा" शुरू कर सकता है। स्कूलों की पाठ्यपुस्तकों में भी संशोधन संभव है। इतिहास की किताब में नया अध्याय जोड़ा जा सकता है,

"कौड़ी- प्राचीन मुद्रा से आधुनिक बहस तक।" बच्चे परीक्षा में उत्तर लिखेंगे... "कौड़ी एक प्राचीन मुद्रा थी, जिसे आधुनिक राजनीति और न्यूज़ एंकर ने पुन: लोकप्रिय बनाया।" तब परीक्षक भी शायद मुस्कुरा देंगे। सबसे मजेदार स्थिति भाषा विशेषज्ञों की होगी। वे वर्षों से छात्रों को मुहावरों का अर्थ समझाते रहे हैं। अब उन्हें मुहावरों के साथ समसामयिक संदर्भ भी बताने पड़ेंगे।

"दो कौड़ी के भाव" का अर्थ केवल सस्ता नहीं रहेगा, बल्कि "राष्ट्रीय चर्चा का विषय" भी माना जा सकता है।अगर यही रफ्तार रही तो भविष्य में कोई स्टार्टअप "कौड़ीकॉइन" नाम की डिजिटल मुद्रा भी लॉन्च कर सकता है। निवेशक पूछेंगे कि "इसका आधार क्या है?"

जवाब मिलेगा

"जनभावना और राजनीतिक लोकप्रियता।"

और यदि किसी दिन शेयर बाजार में "कौड़ी इंडेक्स" बन गया तो आश्चर्य मत कीजिएगा। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा सबक यही है कि सार्वजनिक जीवन में कोई भी चीज कभी पूरी तरह समाप्त नहीं होती। शब्द, प्रतीक, मुहावरे और यादें समय-समय पर नए रूप में लौटते रहते हैं। कभी वे साहित्य में लौटते हैं, कभी फिल्मों में, कभी बुद्धू बक्से पर और कभी राजनीति में,तो अब कौड़ी भी लौट आई है।

वह अब इतिहास की अलमारी से निकलकर सार्वजनिक बहस के मंच पर आ खड़ी हुई है। सदियों तक उपेक्षा सहने वाली यह छोटी-सी वस्तु आज शायद मुस्कुराकर कह रही होगी कि "जब मैं मुद्रा थी, तब लोगों ने मुझे कम आंका। जब मैं चलन से बाहर हुई, तब मुझे भुला दिया। अब देखो, आज पूरे देश में मेरी चर्चा हो रही है।"

और सच पूछिए तो यह कौड़ी की नहीं, भारतीय लोकतंत्र की भी खूबी है। यहां कभी-कभी ऐसी चीजें भी सुर्खियों में आ जाती हैं, जिनके बारे में लोगों ने वर्षों से सोचा तक नहीं होता इसलिए अगली बार कोई आपसे कहे कि उसके पास फूटी कौड़ी नहीं है, या आप दो कौड़ी के हो तो उसे हल्के में मत लीजिए,हो सकता है वह अनजाने में उस वस्तु का नाम ले रहा हो, जो इन दिनों रुपये, डॉलर और बिटकॉइन से भी ज्यादा चर्चा बटोर रही है। क्योंकि इस समय देश में यदि किसी मुद्रा की सबसे अधिक राजनीतिक और भाषाई वैल्यू है, तो वह शायद दो कौड़ी ही है।

**(विनायक फीचर्स)**

## ...आज का दिन...

**मेष**- साहसिक प्रयास, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, परोपकार की भावना जागृत, उत्साह में वृद्धि, जिम्मेदारियों हेतु व्यय, जीवन में सुख शांति, हर्ष भी।

**वृषभ**- निराशा की स्थिति, परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, सहयोगियों से विवाद की आशंका, नवीन समस्याएँ प्रभावी, यात्रा से हानि।

**मिथुन**- आकस्मिक लाभ का सिलसिला, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, जीवन साथी का सानिध्य, समस्याओं का समाधान।

**कर्क**- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, पारिवारिक परेशानियों में कमी, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, प्रेम सम्बन्धों में अनुकूलता, आपसी सौहार्द, उन्नति का सिलसिला।

**सिंह**- दिनचर्या व्यवस्थित, प्रियजनों मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, संत समागम, मेल मिलाप में रुचि, आपसी वैमनस्यता में कमी, धर्म-अध्यात्म में रुचि।

**कन्या**- लाभ में कमी का एहसास, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, स्वजनों से मतभेद, यात्रा में परेशानी, अकेलेपन की अनुभूति।

**तुला**- निराशा का समापन, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, विपरीत परिस्थितियों पर विजय, व्यापार में धन निवेश, कार्यक्षमता में वृद्धि।

**वृश्चिक**- कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, स्वास्थ्य सुधार पर, प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

**धनु**- योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, परिवार में सुख-शांति का वातावरण, प्रतियोगिता में सफलता।

**मकर**- कार्यों में असफलता, व्यापारिक हानि, शारीरिक सुख में बाधा, वैचारिक स्थिरता का अभाव, स्वजनों से तनाव, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका।

**कुम्भ**- स्वास्थ्य सुधार पर, मनोनुकूल कार्य में अनुकूलता, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, चित्त प्रफुल्लित।

**मीन**- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, कार्यों के प्रति प्रगति की दिशा में प्रयास सार्थक, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, राजनीतिक क्रियाकलापों से प्रतिष्ठा में वृद्धि।


**-: श्री विमल जैन :-**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722


## चंदौली

### डीडीयू मंडल में सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को प्रदान किया गया समापक भुगतान

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** डीडीयू मंडल में माह मई-2026 में सेवानिवृत्त होने वाले रेलकर्मियों को समापक भुगतान का आयोजन इंडियन इंस्टीट्यूट कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया।



समारोह के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा डीडीयू मंडल के कुल 27 सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को उनके समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित विभिन्न मदों में कुल 14,02,71,122/- का समापक भुगतान सौंपा गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं उनके परिजनों का स्वागत किया गया तथा समापक भुगतान से संबंधित विभिन्न देयों एवं प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर वित्तीय प्रबंधन, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, डिजिटल सुरक्षा तथा सेवानिवृत्ति उपरांत उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के संबंध में भी उपयोगी जानकारी साझा की गई। अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने सभी सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उत्तम स्वास्थ्य, संतुलित वित्तीय प्रबंधन तथा परिवार एवं समाज के साथ सक्रिय एवं सार्थक जीवन व्यतीत करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि डीडीयू मंडल की विभिन्न उपलब्धियों एवं सफलताओं में सेवानिवृत्त हो रहे रेलकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसके लिए मंडल सदैव उनका आभारी रहेगा।

समारोह में वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी नीरज कुमार, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक प्रिंस कुमार, मंडल के विभिन्न शाखा अधिकारी, मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशनों के प्रतिनिधि, रेलकर्मी तथा उनके परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति भी आयोजित की गई।

### जीटीआर पुल के पास 42 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जनपद में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अलीनगर पुलिस ने मंगलवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 42.03 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है।

बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 60 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अलीनगर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में शराब लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सुबह करीब 9ः15 बजे जीटीआर पुल के पास घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम पंकज जायसवाल पुत्र कृष्णा प्रसाद जायसवाल, निवासी वेस्टर्न बाजार गल्ला मंडी, मुगलसराय, जनपद चंदौली बताया। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद तीन बैगों से कुल 42.03 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। तीन बैगों में भरी थी शराब- पुलिस के अनुसार एक बैग से 96 अदद 8 पीएम टेट्रा पैक (180 एमएल), दूसरे बैग से 48 अदद रॉयल स्टैग (375 एमएल) तथा तीसरे बैग से 9 अदद रॉयल स्टैग (750 एमएल) बरामद की गई।

इसके अतिरिक्त आरोपी की जेब से 700 रुपये नकद भी मिले। परिवार के भरण-पोषण के लिए करता था तस्करी- पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अवैध शराब खरीदकर ऊंचे दामों पर बेचता था। इससे होने वाली आय से वह अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मुकदमा दर्ज, कार्रवाई जारी- अलीनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा संख्या 337/2026 दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### विधायक के अथक प्रयास से मुगलसराय तहसील बनाने का सपना साकार

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** जिले के मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा महेवा में प्रस्तावित नए तहसील भवन के निर्माण को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। स्थानीय विधायक रमेश जायसवाल ने सोमवार को राजस्व विभाग के उच्चाधिकारियों की टीम के साथ चिन्हित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया।



इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सम्मानित जनता और अधिवक्ता साथियों की लंबे समय से अलग तहसील भवन बनाने की मांग चल रही थी, जिसे पूरा करने की दिशा में अब एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। विधायक ने परियोजना की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि चुनाव जीतने के बाद से ही उन्होंने इस जनहित की मांग को गंभीरता से लिया और सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष मजबूती से रखा। इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर तेजी से कार्रवाई शुरू हुई और महेवा गांव में लगभग एक हेक्टेयर भूमि तहसील निर्माण के लिए अंतिम रूप से चिन्हित की गई। प्रस्तावित तहसील भवन का निर्माण ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल (दो मंजिला) सहित पूरी तरह आधुनिक तकनीक से किया जाएगा, जिसकी कुल अनुमानित लागत 12.50 करोड़ रुपये तय की गई है।

तहसील परिसर के लिए चिन्हित की गई जमीन में अधिकांश हिस्सा सरकारी भूमि का है, जबकि शेष बची निजी भूमि का नियमानुसार अधिग्रहण किया जाएगा। इस भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से पूरा करने के लिए शासन स्तर से करीब ढाई करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। भवन निर्माण की मुख्य जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई है। विधायक ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को बिना किसी देरी के शीघ्र पूरा किया जाए और प्रभावित भू-स्वामियों को तुरंत मुआवजा वितरित किया जाए। उन्होंने घोषणा की कि बहुत जल्द भव्य भूमि पूजन के साथ निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान जिले के एडीएम, उपजिलाधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल सहित राजस्व विभाग की पूरी टीम नक्शे के साथ मौके पर मुस्तैद रही। इसके अलावा राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष गंगाराम साहनी, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह, धीरज रिंटू सिंह, दिनेश गुप्ता, राजू प्रधान और महेंद्र प्रधान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वर्षों पुरानी मांग धरातल पर उतरने से पूरे क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### सहरोई बना चैंपियन, पुनित यादव के शतक ने दिलाई शानदार जीत

**तरूणमित्र न्यूज**

**मुगलसराय (चंदौली)।** अलीनगर थाना क्षेत्र के सहरोई गांव में आयोजित बाबा खाटू श्याम क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा। करीब एक माह से चल रही इस अंतरजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्र की कुल 13 टीमों ने हिस्सा लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला टड़िया और सहरोई गांव की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर टड़िया ने पहले सहरोई को बल्लेबाजी का मौका दिया।

सहरोई की टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए निर्धारित 10 ओवर में 153 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। टीम की ओर से पुनित यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 101 रन बनाकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। 154 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टड़िया की टीम निर्धारित 10 ओवर में 130 रन ही बना सकी और 23 रनों से मुकाबला गंवा बैठी। सहरोई की टीम ने खिताब अपने नाम कर लिया। शानदार शतक लगाने वाले पुनित यादव को "मैन ऑफ द मैच" चुना गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सकलडीहा विधायक प्रतिनिधि प्रभात यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। खेल युवाओं को नई पहचान देने का सशक्त माध्यम है और मेहनत, लगन तथा अनुशासन के बल पर युवा प्रदेश और देश में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। इस अवसर पर रामकुमार यादव, रवि कुमार फौजी, राहुल मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों ने आयोजकों की सराहना की।

### 60 रुपये के विवाद में अधेड़ पर चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला, आरोपी गिरफ्तार

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** जिले के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कैलाशपुरी स्थित मॉडल शॉप के सामने सोमवार की देर रात एक मामूली आर्थिक विवाद ने अचानक बेहद हिंसक रूप ले लिया। शराब के नशे में धुत एक सनकी युवक ने एक अधेड़ व्यक्ति पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे पूरे इलाके में सनसनी और हड़कंप मच गया। इस जानलेवा हमले में अधेड़ गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया, जिसे आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल व्यक्ति की पहचान 54 वर्षीय मुनक्का प्रसाद गुप्ता (निवासी महमूदपुर, थाना मुगलसराय) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मुनक्का प्रसाद का आरोपी विजय गिरी (पुत्र गौरी शंकर गिरी, निवासी रविनगर मोड़) के पास करीब 60 रुपये बकाया था। सोमवार की




रात दोनों की मुलाकात इत्तेफाक से कैलाशपुरी मॉडल शॉप के पास हुई, जहां मुनक्का ने अपने पुराने बकाए पैसे की मांग की। विजय ने पैसे बाद में देने की बात कही, लेकिन इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गाली-गलौज और विवाद बढ़ने पर आरोपी विजय गिरी ने अपना आपा खो दिया और कमर से धारदार चाकू निकालकर मुनक्का प्रसाद गुप्ता के ऊपर ताबड़तोड़ प्रहार करना शुरू कर दिया।

अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने भारी मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत बीच-बचाव किया और आरोपी को मौके पर ही धर दबोचा। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को अपनी कस्टडी में ले लिया। गंभीर रूप से घायल मुनक्का प्रसाद गुप्ता को पहले स्थानीय जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत ट्रॉमा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी (सीओ) अरुण कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने साफ किया कि आरोपी पुलिस हिरासत में है और फिलहाल घायल की स्थिति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है।

### आधी रात का एक्शन: अवैध खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 7 वाहन सीज

#### एसडीएम के नेतृत्व में चला सघन चेकिंग अभियान

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जनपद में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने सोमवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए सात वाहनों को सीज कर दिया। एसडीएम राजीव मोहन सक्सेना के नेतृत्व में अलीनगर क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान से खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया।



ओवरलोड और अवैध परिवहन पर गिरी गाज- संयुक्त टीम ने विभिन्न मार्गों पर चेकिंग के दौरान दो ट्रेलर गिट्टी से ओवरलोड, एक डंपर मिट्टी से ओवरलोड तथा चार ट्रैक्टर अवैध मिट्टी परिवहन करते हुए पकड़े। जांच में आवश्यक दस्तावेज और परिवहन मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर सभी वाहनों को तत्काल सीज कर दिया गया।

खनन माफियाओं को कड़ा संदेश- अभियान में खनन अधिकारी प्रदीप कुमार राय और अलीनगर पुलिस भी मौजूद रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

लगातार जारी रहेगा अभियान- सीज किए गए वाहनों को मंडी चौकी और अलीनगर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि जिले के अन्य क्षेत्रों में भी इसी प्रकार के औचक अभियान चलाए जाएंगे।

जनता ने किया स्वागत- स्थानीय लोगों ने कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे सड़क सुरक्षा मजबूत होगी और सरकारी राजस्व को होने वाले नुकसान पर रोक लगेगी।

# मंत्री हंसराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की मंडलीय समीक्षा बैठक हुई संपन्न

## विभिन्न विकासपरक योजनाओं और कार्यक्रमों के बाबत दिए गए निर्देश



यूपी के मंत्री हंसराज विश्वकर्मा का कार्यक्रम में स्वागत करते उद्योग विभाग के अफ़सर गण

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम विभाग के राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता में वाराणसी मंडल के सभी जिलों की विभागीय समीक्षा बैठक सर्किट हाउस वाराणसी में आयोजित की गई।

विभाग की समस्त योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, एक जनपद एक व्यंजन योजना, एक जनपद एक उत्पाद सीएफसी योजना, एम एस ई - सीडीपी योजना एवं प्लेज पार्क योजना के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा के द्वारा समस्त जनपदों के औद्योगिक प्रोफाइल के विषय में जानकारी प्राप्त की गई। सभी जनपदों में स्थित औद्योगिक आस्थानो, प्रमुख इकाइयों के संबंध में जानकारी तथा उनसे संबंधित समस्याएं इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

मंत्री जी के द्वारा सभी योजनाओं में अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित कराए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े कारीगरों को अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किए जाने के निर्देश दिए गए। मंत्री जी के द्वारा वाराणसी जोन के अंतर्गत आने वाले समस्त मंडलों एवं जनपदों की एक विस्तृत समीक्षा बैठक अग्रिम दिवसों में शीघ्रातिशीघ्र आयोजित किए जाने हेतु अपर अपर आयुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया। अंत में अपर आयुक्त उद्योग ने मंत्री हंसराज विश्वकर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया बैठक में वाराणसी जोन के अपर आयुक्त उद्योग हरीश प्रताप सिंह, संयुक्त आयुक्त उद्योग मोहन कुमार शर्मा, वाराणसी मंडल के सभी जनपदों के उपायुक्त उद्योग एवं सहायक आयुक्त उद्योग के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएमओ

## नव नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार ने संभाला कार्यभार



**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में नव नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार ने मंगलवार को अपने पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने जनपद में संचालित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा अधिकारियों के साथ प्रारंभिक बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर डॉ मुकेश कुमार ने कहा कि जनपदवासियों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, नियमित टीकाकरण, संचारी रोग नियंत्रण तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण किया जाएगा। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया तथा जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि जनहित सर्वोपरि है और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास किए जाएंगे, जिससे जनपद के प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

# देश के शीर्ष कुलपतियों का वाराणसी में हुआ महामंथन

## सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा पुस्तक लेखन कार्यक्रम पर राष्ट्रीय उपवेशन सम्पन्न



कार्यक्रम में सहभागिता करते देश के सभी वरिष्ठ कुलपति गण

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल भारतीय भाषा पुस्तक लेखन कार्यक्रम के उत्तर प्रदेश में प्रभावी एवं उत्कृष्ट क्रियान्वयन के विविध आयामों पर विचार-विमर्श हेतु मंगलवार को सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के योग साधना सभागार में एक महत्वपूर्ण उपवेशन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में भारतीय भाषाओं में उच्चस्तरीय ज्ञान-साहित्य के सृजन, भारतीय ज्ञान-परम्परा के पुनर्स्थापन तथा भाषायी आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ बनाने के विषय पर गहन मंथन किया गया।

उपवेशन में भारतीय भाषा समिति, नई दिल्ली के सम्माननीय सदस्य डॉ चन्दन कुमार ने कार्यक्रम की अवधारणा, उद्देश्यों, कार्य-प्रणाली एवं भावी संभावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति देते हुए भारतीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण पाठ्य-पुस्तकों के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञान के भारतीयकरण तथा मातृभाषा आधारित शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में यह योजना मील का पत्थर सिद्ध होगी। कार्यक्रम में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षाविद एवं शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रो. आर. एस. दुबे (पूर्व कुलपति, गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय एवं वर्तमान कुलाधिपति, नीपा, नई दिल्ली), प्रो. आर. के. मित्तल (कुलपति, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ), प्रो. संजीव शर्मा (कुलपति, महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़), प्रो. ए. के. त्यागी (कुलपति, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी), प्रो. राजकुमार (पूर्व कुलपति, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़) सहित अनेक विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए।उपवेशन की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय भाषाएँ केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना एवं ज्ञान-परम्परा की संवाहक हैं। भारतीय भाषाओं में पाठ्य-पुस्तक निर्माण, शोध-संवर्धन एवं ज्ञान-विस्तार की दिशा में यह पहल नई शैक्षिक क्रान्ति का आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं को ज्ञान-विज्ञान के सशक्त माध्यम के रूप में स्थापित करना समय की महती आवश्यकता है।विमर्श के दौरान भारतीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण अकादमिक साहित्य के निर्माण, शोध को स्थानीय भाषाओं से जोड़ने तथा शिक्षा को अधिक समावेशी एवं जनोन्मुख बनाने से सम्बन्धित अनेक दूरदर्शी सुझाव प्राप्त हुए। विशेषज्ञों ने इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों की पूर्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम का सफल संयोजन प्रो शैलेश कुमार मिश्र ने व धन्यवाद ज्ञापन डॉ उदयन मिश्र द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# महानिदेशक, आरडीएसओ ने वाराणसी जंक्शन पर परिचालन व सुरक्षा व्यवस्थाओं की ली जानकारी



महानिदेशक आरडीएसओ वाराणसी जंक्शन पर निरीक्षण के दौरान स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता सहित अन्य अफसर गण रहे मौजूद

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) के महानिदेशक प्रभास धंसाना ने वाराणसी स्टेशन पर अधिकारियों के साथ परिचालन एवं सुरक्षा संबंधी विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने स्टेशन की परिचालन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की तथा परिचालन एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से यार्ड का नक्शा देखा।

अधिकारियों द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि विभिन्न दिशाओं से आने-जाने वाली ट्रेनों का संचालन किस प्रकार किया जाता है तथा ट्रेनों की आवाजाही को सुरक्षित एवं सुचारु बनाए रखने के लिए क्या व्यवस्थाएं की जाती हैं। इसके साथ ही ट्रेन परिचालन के दौरान आने वाली विभिन्न बाधाओं एवं व्यावहारिक चुनौतियों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता, वरिष्ठ मंडल अभियंता (तृतीय) कपिल वत्स, मंडल यांत्रिक अभियंता दिवाकर वार्ष्णेय, आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त अरविंद कुमार, सहायक मंडल अभियंता रजित राम, आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार यादव, सहायक संकेत /दूरसंचार अभियंता भसूली प्रसाद, स्टेशन अधीक्षक उदय प्रताप सिंह तथा यातायात निरीक्षक पंकज कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# अटल पेंशन योजना के लाभार्थी को पेंशन योजना से जोड़ने के चेक का हुआ वितरण



**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह की अध्यक्षता में अटल पेंशन योजना के लाभार्थी को पेंशन योजना से जोड़ने का चेक वितरण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 01 जून, 2026 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, वाराणसी क्षेत्र द्वारा अटल पेंशन योजना से आम जन को जोड़ने हेतु शाखा स्तर पर एक बृहद शिविर आयोजित किया गया। जिसमें एक दिन में 1701 आम जन को पेंशन योजना से जोड़ा गया।

इस अवसर पर टी कामेश्वर राव, महाप्रबन्धक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, वाराणसी अंचल एवं शैलेंद्र कुमार, क्षेत्र प्रमुख के मार्गदर्शन में वाराणसी क्षेत्र की 63 शाखायों एवं 350 से भी अधिक बीसी के द्वारा 1701 एपीवाई से लोगों को जोड़ा गया एवं चालू वित्तीय वर्ष में 4000 लोगों को एपीवाई योजना से जोड़ा गया। एपीवाई योजना में 18 से 40 वर्ष तक के असंगठित क्षेत्र के लोग पात्र हैं। इस योजना में 60 वर्ष की आयु पर 1000 से 5000 की पेंशन लाभार्थी को मिलेगी एवं लाभार्थी का फंड्ज भी अंत में वृद्धि के साथ भुगतान किया जाता है। जैसे यदि 18 वर्ष की आयु में यदि कोई लाभार्थी अपना नामांकन करता है तो रु 210/- प्रतिमाह के हिसाब से 60 वर्ष तक 1.05 लाख जमा करता है। अगले 20 वर्ष में पेंशन रु 12 लाख मिलती है एवं नॉमिनी यदि अगले 5 वर्ष जीवित रहती है तो रु 3.00 लाख पूर्ण पेंशन उसको मिलती है। एवं अंत में अनुमानित रु 8.50 लाख भी नॉमिनी को मिलता है इस प्रकार कुल अनुमानित 23.50 लाख का फायदा होता है। अटल पेंशन योजना 2015 में असंगठित क्षेत्र के लोगों के लिए चालू की गयी थी। शैलेंद्र कुमार ने बताया की यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगो का सामाजिक सुरक्षा की योजना से जोड़ कर उनमें आत्म विश्वास की भावना का संचार करना है। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबन्धक अविनाश अग्रवाल ने अवगत कराया की इस अभियान में आम जन के बीच में विभिन्न चौपालों एवं बीएलबीसी की बैठकों में अटल पेंशन योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है, ताकि भारत सरकार की योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले। वाराणसी जनपद में अबतक कुल 2.40 लाख आम जन को विभिन्न बैंको द्वारा इस पेंशन योजना से जोड़ा जा चुका है। अनुराग रंजन द्वारा इस अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

# काशी विद्यापीठ के सम्बद्ध महाविद्यालयों की सत्र 2026-27 में प्रवेश सम्बन्धित बैठक पांच जून को : कुलसचिव डॉ सुनीता पांडेय



**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से सम्बद्ध महाविद्यालयों (वाराणसी एवं चन्दौली) की सत्र 2026-27 में प्रवेश सम्बन्धित एक आवश्यक बैठक 05 जून को डॉ भगवानदास केन्द्रीय पुस्तकालय स्थित, समिति कक्ष में आहूत है। कुलसचिव डॉ. सुनीता पाण्डेय ने बताया कि बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य अपने साथ प्रवेश से सम्बन्धित तकनीकी विशेषज्ञ के साथ प्रतिभाग करने का करेंगे। वाराणसी जिले के महाविद्यालयों की बैठक पूर्वाह्न 10 से 11 बजे तक एवं चन्दौली जिले के महाविद्यालयों की बैठक मध्यान्ह 12 बजे से अपराह्न 01 बजे तक होगी।

## काशी विद्यापीठ मनोविज्ञान विभाग में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 8 जून को : प्रो शेफाली वर्मा ठकराल

**वाराणसी।** मनोविज्ञान विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2025-26 की प्रायोगिक परीक्षा 08 जून को पूर्वाह्न 09:30 बजे से आयोजित है। विभागाध्यक्ष प्रो शेफाली वर्मा ठकराल ने बताया कि छात्र-छात्राओं को प्रायोगिक परीक्षा से सम्बन्धित अपनी प्रैक्टीकल फाइल एवं प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है। वहीं, सत्र 2024-25 की भी छूटी हुई प्रायोगिक परीक्षा उक्त तिथि एवं समय में सम्पन्न होगी।

# राहगीर को बचाने के प्रयास में बाइक सवार घायल, रेफर

**मछलीशहर।** मछलीशहर-जंघई मार्ग पर एक पैदल राहगीर को बचाने के प्रयास में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गरियांव गांव निवासी संतोष शुक्ला सोमवार देर रात बाइक से अपने घर लौट रहे थे। बंधवा बाजार के पास सड़क पर एक पैदल राहगीर अचानक सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में संतोष की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में संतोष के सिर और कंधे में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में घायल का उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

## समाजसेवी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**खुटहन।** जौकाबाद गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी राजनारायण सिंह का मंगलवार को उनके पैतृक आवास पर निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं गणमान्य लोगों ने उनके आवास पहुंचकर अंतिम दर्शन किए और परिजनों को सांत्वना दी। स्वर्गीय सिंह सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए जाने जाते थे। उनका अंतिम संस्कार सुतौली घाट पर किया गया। रामकृपाल सिंह, अरुण, अनिल, सुनील, विजय समेत अनेक लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

## दलित बस्ती का ट्रांसफार्मर दो बार जला, ग्रामीणों में रोष

**खुटहन।** पूराडला गांव स्थित दलित बस्ती में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। बस्ती में लगा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर 24 मई को जल गया था। शिकायत के बाद विभाग ने 27 मई को नया ट्रांसफार्मर स्थापित कराया, लेकिन यह भी अगले ही दिन 28 मई की शाम को धू-धू कर जल गया। तब से अब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा सका है, जिससे बस्ती के लोग भीषण गर्मी और उमस में परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली आपूर्ति ठप होने से पेयजल, पंखा, कूलर और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रभावित हो गई हैं। रात में लोगों को जागकर समय बिताना पड़ रहा है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगवाकर आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

# मित्र से मिलने आए युवक की पिटाई, चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**थानागद्दी।** केराकत कोतवाली क्षेत्र के सोहनी गांव स्थित शिव मंदिर के पास कुछ मनबढ़ युवकों ने एक युवक की पिटाई कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पचहटिया रामघाट निवासी सूरज चौहान ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह सोमवार शाम अपने मित्र शुभम मौर्य से मिलने सोहनी गांव आया था। दोनों गांव के बाहर स्थित शिव मंदिर के पास बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान तीन-चार युवक वहां पहुंचे और उनसे वहां बैठने का कारण पूछने लगे। आरोप है कि बात बढ़ने पर युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने सूरज और उसके मित्र शुभम के साथ मारपीट की, जिससे दोनों घायल हो गए। पीड़ित का आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

घटना की सूचना सूरज ने डायल-112 पर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। बाद में पीड़ित ने केराकत कोतवाली में तहरीर देकर चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। केराकत प्रभारी निरीक्षक अरविंद पांडेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शाहगंज थाने में सर्राफा व्यापारियों व पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक



व्यापारियों के साथ बैठक करते पुलिस अधिकारी।

**शाहगंज।** थाना शाहगंज परिसर में सोमवार को क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता तथा प्रभारी निरीक्षक शाहगंज की उपस्थिति में क्षेत्र के सर्राफा व्यवसायियों, ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों, व्यापारियों, होटल प्रबंधकों एवं पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर श्री कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए सुरक्षा उपायों का पालन करने की अपील की। अधिकारियों ने सर्राफा प्रतिष्ठानों, ग्राहक सेवा केंद्रों, होटलों तथा पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही व्यापारियों एवं प्रतिष्ठान संचालकों से पुलिस के साथ समन्वय बनाए रखने का आह्वान किया गया। बैठक में मौजूद व्यवसायियों ने भी अपनी समस्याओं और सुझावों को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जनसहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है तथा क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण बनाए रखा जा सकता है।

# मोबाइल ग्रुप अपराधी गैंग में हो रहे तब्दील, रोकथाम में पुलिस का करें सहयोग : सीओ



व्यापारियों के साथ बैठक करती सीओ प्रतिमा वर्मा।

**मछलीशहर।** कोतवाली परिसर में सोमवार देर रात क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रतिमा वर्मा की अध्यक्षता में व्यापारियों, पेट्रोल पंप संचालकों, पत्रकारों एवं अन्य गणमान्य लोगों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बन रहे मोबाइल ग्रुपों के माध्यम से युवाओं के अपराध की ओर बढ़ने की चिंता व्यक्त करते हुए समाज से पुलिस का सहयोग करने की अपील की। सीओ प्रतिमा वर्मा ने कहा कि व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम तथा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर युवा विभिन्न ग्रुप बनाते हैं। समय के साथ इन ग्रुपों के सदस्य आपस में घनिष्ठ संपर्क में आ जाते हैं और कई बार यही समूह संगठित होकर गैंग का रूप धारण कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ समूह अपने नाम और गतिविधियों के जरिए समाज में भय का माहौल बनाने का प्रयास करते हैं। आधुनिक जीवनशैली और बढ़ती आर्थिक आवश्यकताओं के चलते ऐसे युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति भी विकसित हो सकती है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को इस प्रकार की गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने की आवश्यकता है। यदि किसी मोबाइल ग्रुप या उसके सदस्य की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हों तो उसकी सूचना गोपनीय रूप से पुलिस को दें।

पुलिस सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखेगी। बैठक में प्रभारी निरीक्षक विनीत राय, पेट्रोल पंप संचालक श्यामसुंदर यादव, व्यवसायी राजेश अग्रहरि सहित विभिन्न समाचार पत्रों के पत्रकार, यूट्यूबर तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए जनसहयोग को आवश्यक बताया।

# शाहगंज नगर पालिका को मिला नया अधिशासी अधिकारी, अंजनी मिश्रा की तैनाती

**शाहगंज।** नगर विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत नगर पालिका परिषद शाहगंज को नया अधिशासी अधिकारी (ईओ) मिल गया है। उत्तर प्रदेश पालिका (केंद्रीकृत) प्रशासनिक सेवा की अधिकारी अंजनी मिश्रा को नगर पालिका परिषद बिल्हौर (कानपुर) से स्थानांतरित कर शाहगंज में तैनात किया गया है। वहीं, वर्तमान अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी को बरेली जनपद की आंवला नगर पालिका परिषद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप के अनुसार अंजनी मिश्रा को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन ने स्पष्ट किया है कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद इसकी सूचना तत्काल शासन एवं नगर निकाय निदेशालय को उपलब्ध कराई जाए। आदेश में यह भी कहा गया है कि निर्धारित समय में कार्यभार ग्रहण न करने अथवा निर्देशों की अवहेलना को अनुशासनहीनता माना जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि अंजनी मिश्रा अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान विवादों में भी रही हैं। उन पर भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे। शाहगंज नगर पालिका के सभासदों द्वारा उनके कार्यों की जांच की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन भी किया गया था। बाद में गठित जांच समिति की रिपोर्ट में कुछ मामलों में लापरवाही और अनियमितताओं के आरोप सामने आने के बाद उनके स्थानांतरण की कार्रवाई की गई। इसके बाद सभासदों ने अपना धरना समाप्त कर दिया था। नगर पालिका शाहगंज में नए अधिशासी अधिकारी की तैनाती को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। अब नगरवासियों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि नई तैनाती के बाद नगर के विकास कार्यों और प्रशासनिक व्यवस्था में क्या बदलाव देखने को मिलते हैं।

# झपकी लगते ही रिहायशी मकान में घुसा बालू लदा ट्रक, बड़ा हादसा टला

## घंटों बाधित रहा यातायात, बालू खाली कर हटवाया ट्रक

**खेतासराय।** बिहार से बालू लेकर अकबरपुर अंबेडकर नगर जा रही एक हाईवे ट्रक बीती रात डेढ़ बजे नगर पंचायत खेतासराय के जोगियाना मोहल्ले में डॉ अमलेंद्र गुप्ता और विकास गुप्ता के रिहायशी मकान में घुस गया।

अचानक हुए इस जोरदार हादसे से पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। रात को ही भारी संख्या में लोग अपने अपने घरों से निकल कर बाहर आए । मामले की जानकारी मिलते ही खेतासराय थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाठक, उप निरीक्षक संजय पांडेय, उप निरीक्षक ट्रैफिक राजेश सिंह और कांस्टेबल संदीप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मोहल्ले वासियों की मदद से पुलिस ने बड़ी मुश्किल से ट्रक ड्राइवर राम जीयावन यादव और खलासी उमेश यादव को बाहर निकाला। मंगलवार की सुबह उप निरीक्षक संजय पांडेय ट्रैफिक उप निरीक्षक राजेश सिंह और कांस्टेबल संदीप सिंह की मौजूदगी में डंफर पर लोड बालू को ट्रैक्टर के माध्यम से खाली करा कर यातायात व्यवस्था को चालू कराया गया। इस दौरान सुबह से वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। हालांकि इसमें ड्राइवर और कंडक्टर पूरी तरह से सुरक्षित है। ड्राइवर का कहना उसे झपकी आ गई थी।

# उपजिलाधिकारी के आदेश से हुई मेड़बंदी काटने का आरोप

**मछलीशहर।** कोतवाली क्षेत्र के राजगढ़ गांव में उपजिलाधिकारी के आदेश पर कराई गई मेड़बंदी को कथित रूप से काटकर क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। राजगढ़ निवासी रमेश चंद्र ने कोतवाली में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी आराजी संख्या 139 पर मेड़बंदी कराने के लिए उन्होंने उपजिलाधिकारी न्यायालय से आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की थीं। इसके बाद राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस बल की मौजूदगी में उनकी भूमि पर मेड़बंदी कराई गई। आरोप है कि अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के वहां से चले जाने के बाद गांव के राकेश, ओमप्रकाश, गोपी, धर्मराज और संध्या एकजुट होकर मेड़बंदी को काटकर फेंकने लगे। पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद रमेश चंद्र ने कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दी। प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर पांचों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# समूह की महिलाओं ने लगाया ठगी करने का आरोप

## जमुहर गांव की समूह की सदस्य महिलाओं ने मामले को लेकर मिली सीओ से

**मछलीशहर।** कोतवाली क्षेत्र के जमुहर गांव की समूह की सदस्य महिलाओं ने सी ओ प्रतिमा वर्मा को प्रार्थना पत्र देकर ठगी करने वाले पर कार्यवाही करने की मांग उठाई है। सी ओ ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं। मंगलवार को जमुहर गांव निवासी सोना, निर्मला,खुशबू ने क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उत्कर्ष बैंक मुंगराबादशाहपुर के प्रबंधक, फील्ड आफिसर आदि ने डेढ़ साल पहले बोनस देने के बहाने उत्कर्ष बैंक की मुगराबादशाहपुर शाखा पर ले गए। वहां आधार कार्ड और हस्ताक्षर लेकर 2-2 हजार रुपए बोनस के रूप में देकर वापस भेज दिया। लगभग दो साल बाद जब समूह की लीडर मंजू देवी की मौत हो गई तो जानकारी दी गई। अब बताया गया कि 40-50 हजार रुपए लोन लिया गया है जिसकी अदायगी के लिए शाखा प्रबंधक और फील्ड आफिसर दवाब बना रहे।जबकि उक्त लोगों ने पैसा नहीं मिलने की बात कही है। मामले में क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा का कहना है कि मंगलवार को महिलाएं मेरे कार्यालय में पैसे के लेन देन की शिकायत लेकर आई थी।दोनो पक्षों को बुधवार के दिन सबूत के साथ आने को कहा गया है।

# जान से मारने का आरोप

**तेजीबाज़ार।** क्षेत्र के गौराखुर्द गांव निवासिनी मनीषा देवी पत्नी गुलाब गौतम ने थाने पर लिखित तहरीर देते हुए बताया कि बीते इकत्तीस मई को मेरे ही पड़ोस के चार लोगों ने मेरे पति लाठी डंड से बहुत मारा पीटा जिससे मेरे सिर और पैर में अत्यधिक चोट आई है और गाली गलौज दिया जाते जाते जान से मारने की धमकी भी दिया है। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से मदद की गुहार लगाई है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सतेन्द्र भाई पटेल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर संदीप गौतम, ईश्वर, रवि और सन्जू गौतम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही हैं।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम मोहम्मद आसिफ था जिसे बदलकर अब मैंने अपना नाम मोहम्मद आसिफ शेख कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाय।

**सूचितकर्ता:**- मोहम्मद आसिफ शेख
पुत्र मोहम्मद दाऊद
दरबानीपुर पोस्ट हरबसपुर, तहसील
सदर थाना बक्शा
जनपद जौनपुर उत्तर प्रदेश

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बीएएमएस तृतीय वर्ष अनुक्रमांक 22147000259 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है।

**प्रार्थी:**- अंकुर पटेल
पुत्र राम दवर पटेल
मोहल्ला- सदरगंज, (ईदगाह रोड)
मडियाहूं, जौनपुर

# निर्माण का निरीक्षण कर डीएम ने औद्योगिक पार्क कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

◆ औद्योगिक पार्क के विकसित होने से औद्योगिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

◆ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर होंगे सृजितः जिलाधिकारी



परदहां के औद्योगिक पार्क निर्माण का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** जिलाधिकारी आनंद वर्धन ने मंगलवार को परदहां क्षेत्र में पूर्व स्पिनिंग मिल की 84.27 एकड़ भूमि पर विकसित किए जा रहे औद्योगिक पार्क का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों से परियोजना की वर्तमान स्थिति एवं विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई।

औद्योगिक पार्क में लगभग 153021.54 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 139 औद्योगिक प्लॉट विकसित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त पार्क में सरकारी पेट्रोल पंप केंद्र, लॉन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के साथ-साथ ग्रीन एरिया, ओपन एरिया, सड़क, एसटीपी, पार्किंग, वेंडिंग जोन, एडमिन भवन तथा विद्युत सब-स्टेशन के लिए भी भूमि निर्धारित की गई है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने औद्योगिक पार्क के निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से विद्युत, सड़क एवं अन्य आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों में तेजी लाते हुए शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक पार्क के विकसित होने से जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परियोजना को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उपायुक्त उद्योग राजेश रोमन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भूमि विवादों के प्रभावी निस्तारण 30 जून तक चलेगा विशेष अभियान

## अभियान में लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं: जिलाधिकारी



आनंद वर्द्धन, जिलाधिकारी, मऊ।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने मंगलवार को जनपद के समस्त उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार भूमि विवादों के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु 30 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जाए। बताया गया कि प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री को प्राप्त भूमि विवाद संबंधी शिकायतों की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि भूमि विवादों के निस्तारण की प्रक्रिया में और अधिक सुधार तथा त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है।

इसी क्रम में शासन द्वारा भूमि विवादों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आमजन को समयबद्ध एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराया जा सके। शासन के निर्देशों के अनुपालन में 30 दिवसीय विशेष अभियान चलाकर भूमि विवादों के लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण महीने के आखिरी तक सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के दौरान राजस्व अधिकारियों द्वारा शिकायतों की सुनवाई, स्थलीय निरीक्षण तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ संचालित किया जाए तथा शासनादेश का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

इस विशेष अभियान का उद्देश्य भूमि विवादों के त्वरित समाधान के माध्यम से आमजन को राहत प्रदान करना तथा राजस्व प्रशासन के प्रति जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना है।

# मुक्तिधाम की सुरक्षा हेतु चल रहे कटाव निरोधक कार्य का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

## 15 जून के पूर्व ही समस्त कटाव निरोधक कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



सरयू किनारे कटान क्षेत्र का निरीक्षण करते डीएम आनंद वर्धन।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने मंगलवार को दोहरीघाट में सरयू नदी के दाएं तट पर किलोमीटर 0.570 से किलोमीटर 0.940 के मध्य स्थित मुक्तिधाम (श्मशान घाट) की सुरक्षा हेतु संचालित कटावनिरोधक कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समयावधि में पूर्णता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग ने अवगत कराया कि परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 724.85 लाख रुपये है तथा अब तक लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कटावनिरोधक कार्य को पूरी गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप संपादित किया जाए ताकि सरयू नदी के कटाव से मुक्तिधाम (श्मशान घाट) की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना के समस्त कार्य 15 जून के पूर्व हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना स्थानीय नागरिकों की सुविधा एवं महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल की सुरक्षा से जुड़ी हुई है, इसलिए कार्य की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, कार्य की मजबूती एवं तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग, अभियंता सिंचाई विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आईटीआई परिसर में कल आयोजित होगा एक दिवसीय रोजगार मेला

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सहादतपुरा के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। यह रोजगार मेला 04 जून को प्रातः 09 बजे राजकीय आईटीआई परिसर में आयोजित होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अरविन्द पांडेय ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।

विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। मेले में प्रिसिजन टेक्नोलॉजी लिमिटेड, सोहना (गुरुग्राम) द्वारा सीएनसी मशीन एवं असेंबली ऑपरेटर पदों के लिए भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए आईटीआई, कोपा तथा प्लंबर ट्रेड के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 17,000 से 19,000 रुपये प्रतिमाह तक वेतन प्रदान किया जाएगा तथा कार्यस्थल सोहना, गुरुग्राम होगा। इसके अतिरिक्त सीएनसी इंडस्ट्रीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सुपरवाइजर एवं मशीन ऑपरेटर पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए फिटर, पेंटर, डीजल मैकेनिक, टर्नर तथा एमएमवी ट्रेड के अभ्यर्थी पात्र होंगे। चयनित अभ्यर्थियों को 16,200 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा तथा कार्यस्थल ग्रेटर नोएडा रहेगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक सभी अभ्यर्थियों के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है।

# युवक को बचाने के प्रयास में बाइक लेकर गिरा चालक

**तरुणमित्र न्यूज**

**मर्यादपुर ( मऊ )।** मधुबन थाना क्षेत्र के दरगाह में मंगलवार की दोपहर दो बजे एक बच्चे को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक सवार पलट गया। बाइक के चपेट में आने घायल 7 वर्षी बालक को लेकर दो पक्षों में जम कर लाठी डंडा चला जिस में दोनों वर्ग के कुल चौदह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार अजय कुमार पुत्र बेचू 22 वर्ष बाइक से घर जा रहा था की रास्ते में मुसहर बस्ती के पास उस की वाईक के सामने अचानक एक सात वर्षीय युवक आगया जिस को बचाने के प्रयास में वह अनियंत्रित हो कर पलट गया।

इस बात को लेकर युवक के परिजनों से उस की कहासुनी होने लगी और देखते ही देखते दोनों वर्गों के दर्जनों लोग आमने सामने हो गए तथा जम कर लाठी डंडा चलने लगा। इसमें एक वर्ग के मलक पुत्र राजेंद्र 25 वर्ष, रेखा पत्नी हरिंद्र 20 वर्ष, दिनेश पुत्र राजेंद्र 24 वर्ष, हरिंद्र पुत्र नगीना 40 वर्ष, राजेंद्र पुत्र सखी 50 वर्ष व पूजा पुत्री राजेंद्र 25 वर्ष तो दूसरे वर्ग के बेचू पुत्र रामदेव 65 वर्ष, अजय पुत्र बेचू 22 वर्ष, काजली पुत्री बेचू 17 वर्ष, पूनम पत्नी किशन 30 वर्ष, इंद्रावती पत्नी बेचू 50 वर्ष, संगम पुत्र बेचू 22 वर्ष, सुमन पुत्री बेचू 20 वर्ष, पिंकू पुत्र बेचू 28 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में भर्ती कराया गया। जहा एक वर्ग के पिंकू, पूनम, इंद्रावती व बेचू तो दूसरे वर्ग के मानक, हरिंदर, राजेंद्र व दिनेश की स्थिति को गम्भीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष का मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

# राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के संस्थापक का लोगों ने किया स्वागत

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** स्थानीय नगर क्षेत्र के प्राचीन शीतला माता मंदिर परिसर में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री के जनपद में प्रथम आगमन पर मंगलवार को नागरिकों माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के संस्थापक अलंकार अग्निहोत्री पूर्व नगर मजिस्ट्रेट रह चुके हैं।

इस समय अपने समाज को एकजुट व जागरूक करने के लिए पूरे प्रदेश का भ्रमण कर रहे है। इसी क्रम में जनपद के प्राचीन शीतला माता मंदिर पर पहुंचकर मां शीतला के सामने नतमस्तक होते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा ब्राह्मण समाज के लोगों ने उनका माला पहनकर अभिवादन किया। इस दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी सहित तमाम ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# अलंकार अग्निहोत्री के जनपद में प्रथम आगमन पर स्वागत समारोह आयोजित

## ब्राह्मण रक्षा दल के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से किया स्वागत



**तरुणमित्र न्यूज**

**कासिमाबाद ( गाजीपुर )।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री के गाजीपुर में प्रथम आगमन पर ब्राह्मण रक्षा दल के द्वारा कासिमाबाद में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान ब्राह्मण रक्षा दल के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभा को संबोधित करते हुए अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार की सभी नीतियां शिक्षा के विरुद्ध हैं वह अगली पीढ़ी को निरीक्षण बनाना चाहती है। वर्तमान केंद्र सरकार हमेशा सवर्ण के खिलाफ कानून व्यवस्था लाना चाहती है जिससे सवर्णों का पतन हो सके लेकिन हम इसे होने नहीं देंगे।

मैं सवर्ण समाज के लिए नौकरी से त्यागपत्र दिया है मुझे देश व समाज प्रिय है और समाज के लिए ही जीना है। उन्होंने कहा कि अगर वर्तमान सरकार या आने वाली कोई भी सरकार सवर्णों के खिलाफ काम करेगी तो उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। भ्रष्टाचार पर सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने आज तक जितने भी योजनाएं लागू किए हैं वह सफल नहीं हुआ है और भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ा है।

इस मौके पर ब्राह्मण रक्षा दल के संयोजक प्रेमशंकर मिश्रा, जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष तारकेश्वर पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश मिश्रा, मृत्युंजय मिश्रा, अवनीश पाण्डेय, मिन्टू पाण्डेय, जयप्रकाश पांडेय सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला थाना का औचक निरीक्षण किया गया

## निरंतर गश्त एवं निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए



महिला थाना के रजिस्टर का निरीक्षण करते एसपी कमलेश बहादुर।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर द्वारा मंगलवार को महिला थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, कार्यालय, सीसीटीएनएस, मिशन शक्ति, अभिलेखों के भंण्डारण, मालखाना, शस्त्रागार तथा हवालात की स्थिति का गहन अवलोकन किया गया। उन्होंने महिला संबंधित अपराधों, साइबर अपराधों एवं संवेदनशील प्रकरणों में विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान बीट पुलिसिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आमजन के साथ संवाद बढ़ाने तथा शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की भी जांच की गई और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए।

एसपी ने ड्यूटी पर तैनात महिला अरक्षियों को अनुशासन, समयपालन एवं जनसेवा के प्रति संवेदनशील रहने हेतु प्रेरित किया। साथ ही, जनता में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाए रखने के लिए निरंतर गश्त एवं निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही साथ रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# सुबेदार यादव का यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग में हुआ चयन



सुबेदार यादव।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** जनपद सुबेदार यादव का चयन प्रतिष्ठित यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्लूडब्लू) कोच एजुकेशन लेवल-1 कार्यक्रम के लिए हुआ है।

यह कार्यक्रम स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) द्वारा इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएफ) एवं यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्लूडब्लू) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य देशभर के खेल प्रशिक्षकों की तकनीकी एवं व्यावसायिक दक्षता को बढ़ाना है। सुबेदार यादव उत्तर प्रदेश से चयनित प्रतिभागियों में शामिल हैं तथा राज्य के आठ प्रतिनिधियों में से एक हैं।

उनका यह चयन खेल एवं कुश्ती प्रशिक्षण के क्षेत्र में उनके समर्पण, परिश्रम एवं योगदान को दर्शाता है। वर्तमान में श्री यादव मऊ जनपद के बोजही इंटर कॉलेज में खेल शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं तथा वे निरंतर विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रेरित करते हुए प्रतिभाओं को निखारने का कार्य कर रहे हैं। सूबेदार यादव के इस उपलब्धि पर बोजही इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकगण ने हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम से उनके कौशल में और वृद्धि होगी तथा वे संस्थान एवं जनपद का नाम रोशन करेंगे। यह उपलब्धि न केवल संस्थान बल्कि पूरे जनपद मऊ के लिए गर्व का विषय है।

# 11 नवजात बच्चियों में वितरित किया गया बेबी किट

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 'कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम' का आयोजन जिला महिला चिकित्सालय में मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम 11 नवजात बच्चियों को बेबी किट वितरित कर 'कन्या जन्मोत्सव' मनाया गया तथा साथ में कन्या सुमंगला योजना एवं मातृ वंदना योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

विभागीय कार्यक्रम के अनुसार हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा महिला कल्याण विभाग से मिल रही सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओ को सभी हेल्पलाइन नंबर 112, 181, 108, 1090, 1098, 1076 के बारे में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर हब फॉर इंपॉवरमेट ऑफ वूमेन से डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर श्रीमती अर्चना राय, सेंटर मैनेजर श्रीमती संध्या सिंह, जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीमती राखी राय, जेन्डर स्पेशलिस्ट श्रीमती तृप्ति राय, स्टाफ नर्स, धात्री, महिलाएं आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त सामाचार

## *ब्रह्माकुमारी विमला दीदी को मातृ शोक*

***तरुणमित्र न्यूज***

*__मऊ।__ ब्रह्माकुमारीज मऊ की संचालिका बी के विमला दीदी की माताजी जो मुहम्मदाबाद गोहना में ब्रह्माकुमारीज शाखा का संचालन कर रही थी। वे मंगलवार को अपनी नश्वर देह का त्याग कर परमात्मा गोद में चली गयीं। पिछले करीब 46 वर्षो से संस्था से आबद्ध होकर 36 वर्षो से आध्यात्मिक और सामाजिक सेवा में सपरिवार अपना जीवन समर्पित करने वाली ब्रह्माकुमारी गोमा दीदी का जीवन नारी शक्ति का चौतन्य प्रतिबिम्ब था।*

*80 वर्ष की शारीरिक अवस्था में भी आपके अन्दर एक अनोखी ऊर्जा और आध्यात्मिक ओज था। आप ने संस्था के सेवाओं की विस्तार और जनमानस की आध्यात्मिक सेवाओं में अपना सर्वस्व अर्पण किया। आपका पूरा परिवार संस्था के क्षेत्रीय कार्यालय सारनाथ से लेकर विभिन्न शाखाओं में सेवारत हैं। ब्रह्माकुमारी गोमा दीदी का पार्थिव शरीर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ मऊ शाखा के सत्संग कक्ष में रखा गया है। बुधवार की भोर में ही पार्थिव शरीर को मऊ शाखा से मुहम्मदाबाद गोहना स्थित संस्था की शाखा में कुछ पल के लिए दर्शनार्थ रखने के बाद सारनाथ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में रखकर सायं काल हरिश्चंद्र घाट में अन्तिम संस्कार हेतु ले जाया जायेगा।*

## *अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी हाफ एनकाउंटर में हुआ गिरफ्तार*

***तरुणमित्र न्यूज***

*__मऊ।__ जनपद के हलधरपुर थाना क्षेत्र के बढ़नपुर गांव के पास मंगलवार की भोर में मुठभेड़ में अपहरण और दुष्कर्म का आरोपित मुस्तफाबाद निवासी दानिश उर्फ छोटू पुत्र अल्ताफ के पैर में गोली लगने से घायल हो गया।*

*उसके पास से एक अवैध असलहा, कारतूस और बाइक बरामद की गई। आरोपित हलधरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी का अपरहण कर दुष्कर्म के मामले में वांछित था। उसके द्वारा एक नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म की घटना की गई थी। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी। इसी दौरान आरोपित बढ़नपुर के रास्ते गांव जा रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपित को पकड़ने का प्रयास किया तो दुष्कर्म के आरोपी दानिश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में आरोपित के पैर में गोली लग गई। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोंगापुर रतनपुरा में भर्ती कराया गया जिसके बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।*

## *व्यापक चेकिंग अभियान 13 सौ संदिग्धों की हुई जांच*

***तरुणमित्र न्यूज***

*__मऊ।__ पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में मंगलवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया।*

*इस अभियान के अंतर्गत 38 टीम गठित कर जनपद के 45 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग 1300 सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियों को चेक किया गया। इसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 570 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 06 वाहनों को सीज किया गया। साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।*

## *मनोनीत सभासदों से डीएम को सौंपा ज्ञापन*

***तरुणमित्र न्यूज***

*__मर्यादपुर ( मऊ )।__ मधुबन नगर पंचायत के मनोनीत सभासद प्रेम भूषण पांडे के नेतृत्व में दर्जनों मनोनीत सभासदों ने जिलाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सभासदों ने नगर पंचायतों में विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग जिलाधिकारी से किया। सभासदों ने निर्माण कार्य में प्रतिनिधियों के साथ मनोनीत सभासदों का नाम अंकित किया जाए। नगर पंचायतों में जो भी कार्य किया जाए उस का इस्टीमेट उपलब्ध कराया जाए।*

*नगर पंचायतो में जांच अधिशाषी अभियंता से न करा कर किसी अन्य अधिकारी से कराया जाए। विकास कार्यों से सम्बंधित जिला की बैठक में मनोनीत सभासदों को शामिल किया जाए।नगर पंचायत बोर्ड की बैठक नियमित रूप से हो ताकि विकास की गति बनी रहे। मनोनीत सभासदों ने पांच सूत्री ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें सुजीत कनौजिया, यशवंत उपाध्याय, शशिकांत, प्रदीप सोनकर, मनीष वर्मा, दीनानाथ सिंह, रघुवीर राजभर, ओमप्रकाश गुप्ता आदि मनोनीत सभासद मौजूद रहे।*

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास

PRAK
मेसर्स- परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
ए.सी. शोरूम
त्योहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं
देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्राण्डेड ज्वैलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने, चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का अवसर दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
नोटः- हमारी कोई अन्य शाखा नहीं है।
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांस बैंकर
मो.: 09838435680

रजि. नं. 49166 ( U.P. )
हिमानी हॉस्पिटल
हिमानी हॉस्पिटल ADVANCE WOMEN CARE
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)

डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
भूतपूर्व सर्जनः गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली
डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जनः • डा. एल.एच. हीरानदानी हॉस्पिटल, मुंबइ • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली
डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)

सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टभ)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
निःसंतान महिलाएं अवश्य मिलें

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
तरुणमित्र मीडिया प्रा0लि0 के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा, मुद्रक एवं सम्पादक **आदर्श कुमार*** द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोनः-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

# महिलाओं को ठगने वाला मुठभेड़ में जख्मी

## भूत-प्रेत का झांसा देकर करता था शिकार

तरुणमित्र न्यूज

**आजमगढ़।** सरायमीर पुलिस ने भूत-प्रेत, जादू-टोना और तंत्र-मंत्र के नाम पर महिलाओं को ठगी का शिकार बनाने वाले अंतरजनपदीय टप्पेबाज गिरोह के सरगना को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 1 जून की रात खरेवा मोड़ के पास संदिग्ध मोटरसाइकिल सवारों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन बदमाश भागने लगे और अनियंत्रित होकर गिर पड़े। इस दौरान एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जबकि दूसरे आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान इम्तियाज खान (48) निवासी अलीगढ़ हाल पता लखनऊ के रूप में हुई है। उसके कब्जे से बिना नंबर की मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, सोने-चांदी के आभूषण, 11,100 रुपये नकद, एक देशी तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी के साथ बाजारों में अधेड़ महिलाओं को निशाना बनाकर उनके परिवार पर भूत-प्रेत या संकट का भय दिखाता था और शुद्धिकरण के नाम पर गहने, नकदी व अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो जाता था।



## सिकंदरपुर सीएचसी में समय पर नहीं पहुंचे चिकित्सक

**सिकंदरपुर (बलिया)।** लाख प्रयासों और निर्देशों के बावजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर की व्यवस्था में अपेक्षित सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। मंगलवार को सुबह अस्पताल खुलने के निर्धारित समय के बाद भी अधिकांश चिकित्सक अपने कक्षों में उपस्थित नहीं मिले, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सरकारी निर्देशों के अनुसार चिकित्सकों के अस्पताल पहुंचने का समय सुबह 8 बजे निर्धारित है, लेकिन सुबह 8.30 बजे तक नेत्र चिकित्सक को छोड़कर कोई भी चिकित्सक अपने केबिन में मौजूद नहीं था। मरीज अपने तीमारदारों के साथ चिकित्सकों का इंतजार करते रहे और व्यवस्था के प्रति नाराजगी व्यक्त करते रहे।

## अक्षत फेकने के विवाद में युवक पर जानलेवा हमला

**आजमगढ़।** जनपद के रानीपुर थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान अक्षत फेंकने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। पीड़ित पक्ष ने गांव के कुछ लोगों पर युवक पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकुर कुमार पुत्र अशीराम कुमार निवासी ग्राम पोस्ट हैदराबाद थाना तरवा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 03 मई 2026 को वह अपने मौसेरे भाई जयवीर के साथ एक शादी समारोह में बरहपुर पोस्ट गरेडुवा गए थे। आरोप है कि गांव में पहले से मौजूद कुछ लोगों द्वारा उन्हें बुलाकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष के अनुसार, हमले में अंकुर कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बचाने पहुंचे उनके मामा के लड़कों के साथ भी मारपीट की गई। परिजनों का आरोप है कि हमलावर अंकुर को बेहोशी की हालत में मृत समझकर मौके से फरार हो गए।

# सीएम डैशबोर्ड में खराब रैंकिंग पर डीएम का एक्शन

तरुणमित्र न्यूज

**बलिया।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सोमवार को विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की। जिसमें विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति का आकलन किया। बैठक में जनवरी से अब तक के चार माह की रैंकिंग की समीक्षा की गई, जिसमें कई विभागों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाए जाने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त योजना, ग्राम्य विकास, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जननी सुरक्षा योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण अभियान तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की रैंकिंग 'सी' श्रेणी में पाई गई। वहीं कृषि विभाग के प्रीमियम आईडी, पंचायती राज विभाग और नई सड़कों के निर्माण कार्य की रैंकिंग 'बी' श्रेणी में दर्ज की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि कई महत्वपूर्ण योजनाओं की रैंकिंग अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंची है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं और आगामी समीक्षा तक अपनी रैंकिंग को 'ए' श्रेणी में पहुंचाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर काम करें। डीएम ने स्पष्ट कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और सीएम डैशबोर्ड पर जिले की रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए।






## रेड क्रास ने अपने नये उपाध्यक्ष का किया भव्य स्वागत

**बलिया।** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में इण्डियन रेड क्रास सोसायटी ने अपने नये उपाध्यक्ष/मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अभय नारायण राय का रेड क्रास के सभापति विजय शर्मा व कोषाध्यक्ष / जिला समन्वयक शैलेन्द्र पाण्डेय तथा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला मंत्री विनोद कुमार मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष राय एवं पदाधिकारियों /सदस्यों ने बुकें तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ अभय नारायण राय ने कहा कि रेड क्रास सोसायटी आपदा में जनमानस की मदद के लिए हमेशा तैयार रहती है, उन्होंने कहा कि आगे भी आप सभी से सहयोग की अपेक्षा रखता हूं, और जहां मेरी जरूरत होगी मैं बतौर स्वयं सेवक के रूप में रेड क्रास के सहयोग में हमेशा तैयार रहूंगा।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आनंद कुमार, डॉ पद्मावती गौतम, डॉ मंजू रानी, डॉ योगेन्द्र दास, जिला प्रशासनिक अधिकारी योगेश पाण्डेय, डीपीएम राजशेखर, रविशंकर तिवारी, नितेश पाठक, आलोक कुमार विसेन आदि सम्मानित अधिकारी /पदाधिकारी/ कर्मचारी/सदस्य उपस्थित रहे।

# शारीरिक संबंध बनाने का आरोपी गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संजय वर्मा के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर मो0 उस्मान के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम को मिली सफलता। उल्लेखनीय है कि 30 मई को थाना कोतवाली पर प्रार्थीनी द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम बनाकर लगातार प्रयास किया जा रहा था।



इसी क्रम में मंगलवार को थाना कोतवाली पुलिस टीम के उ0नि0 सौरभ कुमार सिंह मय हमराह का0 विशाल पाण्डेय, का0 इन्द्रपाल देखभाल क्षेत्र व विवेचना/गिरफ्तारी वांछित अभियुक्त सम्बन्धित मु0अ0स0- 192/ 26 धारा-69, 352,351(3) बीएनएस में मामूर थे कि जरिये मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त सागर कुमार गोड़ पुत्र प्रमोद कुमार गोड़ निवासी मिढ्ढी थाना कोतवाली जनपद बलिया वर्तमान पता परिखरा थाना बांसडीह रोड जनपद बलिया उम्र करीब 25 वर्ष को महुआ मोड़ के पास से समय करीब 06.05 बजे गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

## एचपीवी वैक्सीन जागरूकता अभियान में बलिया के अधिकारी और डॉक्टर होंगे सक्रिय

**बलिया।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिले के सभी स्कूलों में 9 से 12 साल तक की बालिकाओं और उनके अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएमओ, डीसीएमओ और जिले के सभी डॉक्टर किसी न किसी विद्यालय में जाकर सीधे महिलाओं और बच्चों से बातचीत करें। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी प्रशिक्षण देने और उन्हें टीकाकरण के लाभों के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया। उन्होंने अफवाहों से दूर रहने और बैकसीलस (वैक्सीन) के महत्व को समझाने पर विशेष जोर दिया।इसके अलावा, महिला ग्राम प्रधानों, आशा बहुओं और अन्य स्थानीय महिलाओं से मिलकर उन्हें बच्चों के टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करने का भी निर्देश दिया गया। पैरेंट्स को भी शामिल करते हुए जिले में व्यापक स्तर पर एचपीवी टीकाकरण अभियान को गति देने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों से आग्रह किया कि वे मिलकर बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य देने के लिए इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में सीडीओ ओजस्वी राज, सीएमओ एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीएम स्तर पर हो रही समीक्षा, देरी पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

तरुणमित्र न्यूज

**बलिया।** जिलाधिकारी ने 05 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन एवं लंबित परियोजनाओं की कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने समीक्षा के दौरान जिले में 14 परियोजनाएं अब तक अपूर्ण पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों कोजवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। बैठक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर, पर्यटन विभाग की दो परियोजनाएं, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बेलहरी सहित कुल 14 परियोजनाओं के अधूरे होने की जानकारी सामने आई। इस पर जिलाधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया कि संबंधित कार्यदायी संस्थाओं एवं विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए शासन स्तर पर पत्र भेजा जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि महत्वपूर्ण परियोजनाओं में अनावश्यक देरी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं की वजह से परियोजनाएं लंबित हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की संस्तुति की जाए।

साथ ही समीक्षा के दौरान यह भी बताया गया कि जून 2026 के बाद विलंबित होने की श्रेणी में कुल चार परियोजनाएं हैं। इनमें परिवहन विभाग की एक, लोक निर्माण विभाग की दो तथा सिंचाई विभाग की एक परियोजना शामिल है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं को इसी माह के भीतर पूर्ण कराया जाए।उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं की समीक्षा स्वयं मुख्यमंत्री स्तर पर की जा रही है, इसलिए सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर डीएम सख्त

## आईजीआरएस पोर्टल पर गलत आख्या अपलोड करने पर विभाग को चेतावनी

**बलिया।** जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण और फीडबैक की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान शिकायतकर्ताओं से फीडबैक न लेने तथा पोर्टल पर निस्तारण आख्या सही ढंग से अपलोड न किए जाने पर उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। जिसमें जिला समाज कल्याण विभाग के 82, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के 320, विद्युत विभाग के 102, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के 16 तथा जिला पूर्ति विभाग के 68 मामलों में शिकायतकर्ताओं से फीडबैक नहीं लिया गया।

इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। साथ ही बंदोबस्त अधिकारी कार्यालय के 16, लोक निर्माण विभाग के 26, जिला समाज कल्याण विभाग के 108 तथा विद्युत विभाग के 129 मामलों में शिकायतकर्ताओं ने फीडबैक के दौरान असंतोष जताया। इसके अलावा ग्राम्य विकास विभाग के सोहांव, पंदह और बेलहरी विकास खंडों, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के हनुमानगंज, मनियर और रेवती विकास खंडों तथा पंचायती राज विभाग के 14 विकास खंडों और बेसिक शिक्षा विभाग के छः विकास खंडों में भी शिकायतकर्ताओं ने निस्तारण पर असंतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। शिकायतकर्ताओं की असंतुष्टि को गंभीर लापरवाही मानते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी और सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा में तीन, रसड़ा में एक तथा पंदह में दो मामलों में शिकायतकर्ताओं द्वारा असंतोषजनक फीडबैक दिए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस (शोकॉज नोटिस) जारी करने के निर्देश दिए। वहीं नगर पालिका विभाग द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर गलत निस्तारण आख्या अपलोड किए जाने का मामला सामने आने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विभाग को चेतावनी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से फीडबैक लिया जाए तथा उसके साथ फोटो भी खींची जाए। निस्तारण आख्या के साथ कम से कम चार फोटो पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों का फीडबैक प्रतिशत 50 से कम है, वे दो दिनों के भीतर इसे बढ़ाकर 70 प्रतिशत करें और इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। जिलाधिकारी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि निस्तारण आख्या पर केवल सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर होने चाहिए। यदि किसी कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षर कर आख्या पोर्टल पर अपलोड की गई और जांच में मामला सही पाया गया, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सीडीओ ओजस्वी राज, एडीएम अनिल कुमार, डीडीओ आनंद प्रकाश एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 21 जून को मनाया जाएगा 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, तैयारियों में जुटा प्रशासन

**बलिया।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि 21 जून को प्रात: 06 बजे वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग दिवस केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जिले की सभी तहसीलों, विकास खंडों और ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी इसका आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों को समय से तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत अधिकारी को ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। वहीं जिला विकास अधिकारी को सभी बीडीओ के साथ समन्वय बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि योग दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि 21 जून को आयोजित कार्यक्रम में सभी जिला स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

इसके अलावा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले की सभी तहसीलों, विकास खंडों और ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर योग दिवस के प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग्स लगवाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि योग दिवस को जनभागीदारी का उत्सव बनाते हुए अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।


## जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मऊ

**विज्ञप्ति**

जनपद मऊ में कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्र / बालवाटिका केन्द्र पर ई0सी0सी0ई0 एजुकेटर पद हेतु सेवाप्रदाता फर्म **मे0 एन0आई0टी0 कम्प्यूटर के माध्यम से सेवायोजन पोर्टल पर आवेदित** कुल 4871 अभ्यर्थियों में से शासनादेश में वर्णित व्यवस्थानुसार रैण्डम आधार पर रिक्त पद 121 ई0सी0सी0ई0 एजुकेटर के सापेक्ष तीन गुना 363 अभ्यर्थियों (सूची संलग्न) का निम्न विवरण के अनुसार अभिलेख सत्यापन कराये जाने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा अनुमति प्रदान की गयी है-

| क्र0सं0 | अभ्यर्थियों की संख्या | काउन्सिलिंग तिथि | काउन्सिलिंग समय | काउन्सिलिंग स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रमांक 01 से 200 तक | 06.06.2026 | प्रात: 10:00 बजे से सायं 4:30 बजे तक | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कैम्पस परिसर में अवस्थित बी0आर0सी0 परदहां, मऊ |
| 2 | क्रमांक 201 से 363 तक | 08.06.2026 | | |
| 3 | क्रमांक 01 से 363 तक के छुटे हुए समस्त अभ्यर्थी | 09.06.2026 | | |

अत: सेवाप्रदाता **फर्म मे0 एन0आई0टी0 कम्प्यूटर के माध्यम से** सेवायोजन पोर्टल पर जनपद मऊ में ई0सी0सी0ई0 एजुकेटर पद हेतु संलग्न सूची के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विवरण के अनुसार निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेख, निवास, जाति प्रमाण पत्र के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत फोटोयुक्त पहचान पत्र व वॉछित अभिलेखों की स्वप्रमाणित एक सेट छायाप्रति (फाइल कवर में) एवं समस्त अभिलेखों की मूलप्रति के साथ स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथियों व समय पर उपस्थित नहीं होने की दशा में पुन: उनको कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। साथ ही उक्त हेतु अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा। उक्त सूची जनपद मऊ के एन0आई0सी0 पोर्टल (https://mau.nic.in) पर उपलब्ध है।

**(संतोष कुमार उपाध्याय)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मऊ**

पृ0सं0/समग्र शिक्षा/ईसीसीई/1470-1475/2026-27 दिनांक: 01.06.26


## सपा के ही गढ़ में क्यों पकड़े जा रहें आतंकी : ओमप्रकाश

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री एवं सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने आजमगढ़ में आतंकवाद निरोधक दस्ता की हालिया कार्रवाई को लेकर समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला है। मंगलवार को अतरौलिया स्थित निरीक्षण भवन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजभर ने कहा कि आखिर समाजवादी पार्टी के गढ़ कहे जाने वाले क्षेत्रों से ही बार-बार आतंकी क्यों पकड़े जा रहे हैं। मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने ATS टीम की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने देश और समाज की सुरक्षा के लिए सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा, हम ATS टीम को बधाई देते हैं। उन्होंने देशहित में बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी आजमगढ़ का नाम आता है तो सपा नेता उसे अपना गढ़ बताते हैं, लेकिन यदि उसी क्षेत्र से लगातार आतंकवाद से जुड़े लोग गिरफ्तार हो रहे हैं तो यह चिंताजनक विषय है।

## डॉ. एस.के.एस. पांडेय ने संभाला शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय का कार्यभार

**मोहम्मदबाद (गाजीपुर)।** शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय, यूसुफपुर मोहम्मदबाद में मंगलवार, 2 जून को नए प्राचार्य के रूप में डॉ. एस.के.एस. पांडेय ने विधि-विधान से कार्यभार ग्रहण कर लिया। प्रशासनिक क्षमता में धनी डॉ. पांडेय की इस पद पर वापसी से महाविद्यालय में बड़े सुधारों की उम्मीद जगी है। डॉ. एस.के.एस. पांडेय इससे पूर्व भी इस महाविद्यालय के प्राचार्य रह चुके हैं। मार्च 2024 में शासन ने उन्हें सहायक निदेशक (उच्च शिक्षा) के महत्वपूर्ण पद पर तैनात किया था। हालांकि, पिछले कुछ महीनों के दौरान इस महाविद्यालय में भ्रष्टाचार, अनियमित भुगतान और शिक्षकों व कर्मचारियों के बीच गुटबाजी के गंभीर मामले सामने आए थे। कॉलेज की बिगड़ती व्यवस्था को सुधारने और अनुशासन बहाल करने के उद्देश्य से शासन ने एक बार फिर डॉ. पांडेय के लंबे प्रशासनिक अनुभव पर भरोसा जताते हुए उन्हें यहाँ भेजा है।

डॉ. पांडेय उच्च शिक्षा जगत में अपनी कड़क और तेजतर्रार प्रशासनिक क्षमता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने गाजीपुर शहर स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में अंग्रेजी के एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में लंबे समय तक सेवाएं दी हैं।



पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अंतर्गत नकल रोको अभियान की शुरुआत करने का श्रेय भी उन्हीं को जाता है। इसके अलावा गाजीपुर, मिर्जापुर और देवरिया सहित विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में एक सख्त और अनुशासनप्रिय प्रशासक के रूप में उनकी विशेष पहचान रही है।

**शहीदों की भूमि को नमन, विकास का संकल्प**

कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत प्राचार्य डॉ. एस.के.एस. पांडेय ने सबसे पहले शहीदों की इस पावन धरती को नमन किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज को तरक्की के रास्ते पर ले जाने के लिए क्षेत्रीय नागरिकों और अभिभावकों का सहयोग बेहद जरूरी है। डॉ. पांडेय ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए संकल्प लिया कि महाविद्यालय में पूर्ण अनुशासन कायम किया जाएगा। नियमित पठन-पाठन, छात्रों के लिए जरूरी संसाधनों की उपलब्धता और नए शैक्षिक कार्यक्रमों की शुरुआत उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने साफ संकेत दिए कि कॉलेज परिसर में किसी भी प्रकार की अनियमितता या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


**अदालती सम्मन**

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय उपजिलाधिकारी पिण्डरा वाराणसी
मु0नं0 T202514700207764 सन् 2026 ई0
लाल बहादुर वगै0 बनाम सरकार
धारा 24 रा0सं0उ0प्र0 2006
ता.पेशी-03.06.2026 जवाब/तनकीह

बनाम-1- अमित कुमार पुत्र रामधनी मौजा कनियर, परगना पन्द्रह, तह0 पिण्डरा, जिला वाराणसी, 2-ग्राम प्रधान कनियर।

बावजह हो कि ................ आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 03 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय



नि:सन्तान दम्पत्ति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर
सेवा का अवसर दें
निवेदक
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी





पचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

